तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 21.8 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


पढ़ें पेज - 3


हरिभूमि लाइव

## खबर संक्षेप

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**बिलासपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 अक्टूबर सोमवार को साढ़े 11 से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में पांचवीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसके लिए कुल 195 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा आयोजन में सभी शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, जिला व ब्लॉक समन्वयक के सदस्यों के साथ जिला संयोजक जागेश्वरी साहू, रामगोपाल कश्यप, जागेश्वर पाटनवार, रमेश श्रीवास, शत्रुघ्न कश्यप, रामकुमार श्रीवास, वेदराम सिन्हा, गणेश प्रसाद श्रीवास, रंजीत गढेवाल, दिनेश राजपूत, द्वारिका प्रसाद पटेल सक्रिय है।

### गौ सेवक पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपेंगे आज

**बिलासपुर।** गौ सेवकों द्वारा सोमवार 13 अक्टूबर को बिलासपुर गौसेवा धाम से गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा के माध्यम से शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान शंकराचार्य स्वामी के कृपा पात्र शिष्य श्रीमज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज, गौसेवक विपुल शर्मा, गोपाल कृष्ण रामानुज दास, शत्रुघन कृष्ण, शुभम् शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गौसेवक व संत समाज उपस्थित रहेंगे।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा के नतीजे जारी

**बिलासपुर।** आरक्षक भर्ती परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। व्यापमं ने यह परीक्षा 14 सितंबर को ली थी। इसमें करीब 40 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। ध्यान रहे कि छग पुलिस में आरक्षक संवर्ग के 5967 पदों पर भर्ती के लिए अक्टूबर-2023 में रिक्तियां निकली गई थी। फिजिकल टेस्ट के आधार पर 40673 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए चिन्हित किया गया था। लिखित परीक्षा में 40,170 परीक्षा में शामिल हुए थे।

### पूरक परीक्षार्थियों के लिए फार्म भरने अंतिम दो दिन

**बिलासपुर।** कालेजों के पूरक परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरने अंतिम दो दिन शेष है। अटल यूनिवर्सिटी ने पूरक विद्यार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क के 15 अक्टूबर तक आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई थी। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पहले पूरक परीक्षा फार्म के लिए जो तिथि घोषित की गई थी उसके अनुसार 15 सितंबर से आनलाइन फार्म भराना शुरू किया गया था और 30 सितंबर को अंतिम तिथि हो गई थी। लेकिन यूनिवर्सिटी ने पुनर्मूल्यांकन के परिणाम घोषित नहीं किए थे इसलिए पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग हो रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी ने 15 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के पूरक परीक्षा फार्म आनलाइन भरे जाने की तिथि बढ़ा दी है।

### बिजली कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन धरना

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ का अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। 12 अक्टूबर को आंदोलन के तृतीय दिवस पर बिलासपुर क्षेत्र के पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। महासंघ ने पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मियों का नियमितिकरण, पदोन्नति एवं वेतन विसंगति सुधार के समर्थन में यह धरना पूरे प्रदेश में ऊर्जावान रूप से चल रहा है। आज बिलासपुर क्षेत्र से प्रमोद सिंह, प्रशांत पटेल, जी. महेश, कृष्णा राव, अर्जुन राम साहू धरना स्थल पर उपस्थित रहे। इन वीर साथियों की उपस्थिति महासंघ के संकल्प को और मजबूत बना रही है।

# केंदा घाट-कारीआम फोरलेन निर्माण के लिए कटेंगे पांच हजार पेड़


पीडब्ल्यूडी के नेशनल हाईवे संभाग द्वारा किया जाएगा निर्माण

केंदा घाट से कारीआम तक पहाड़ काटकर 218 करोड़ में बनेगी फोरलेन सड़क

हरिभूमि में 9 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंदा घाट से कारीआम के बीच बनाई जाने वाली फोरलेन सड़क की ज़द में पांच हजार पेड़ आएंगे, जिसे काटने की अंतिम स्वीकृति लेना शेष है। लोक निर्माण विभाग के नेशनल हाईवे संभाग द्वारा बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल से स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है, वहीं अंतिम स्वीकृति के लिए अब फाइल अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय भेजी गई है। यहां से स्वीकृति मिलते ही निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

लोक निर्माण विभाग के नेशनल हाईवे संभाग द्वारा

- बिलासपुर व मरवाही वनमंडल से मिली स्वीकृति
- अंतिम स्वीकृति हेतु प्रदेश स्तर पर भेजी गई फाइल

केंदा घाट से कारीआम के बीच साढ़े पांच किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित फोरलेन सड़क के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। केंदा घाट से कारीआम के बीच साढ़े पांच किलोमीटर क्षेत्र लगभग जंगल है, जहां बड़ी संख्या में पेड़ हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान करीब पांच हजार पेड़ ऐसे हैं, जो निर्माण के बीच आ रहे हैं। ऐसे में उन्हें काटने की जरूरत पड़ेगी।

वह क्षेत्र बिलासपुर एवं मरवाही दोनों ही वनमंडलों में आता है, जिससे विभाग द्वारा पहले बिलासपुर वनमंडल से स्वीकृति ली गई, वहीं बाद में मरवाही वनमंडल से क्लियरेंस लिया गया। अब अंतिम स्वीकृति के लिए फाईल अरण्य भवन रायपुर स्थित अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय भेजी गई है। यहां से स्वीकृति मिलते ही टेंडर व निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह सड़क पहाड़ काटकर बीचोबीच से बनाई जाएगी, ताकि क्षेत्र में पड़ने वाले 11 खतरनाक मोड़ को कम से कम किया जा सके। 218 करोड़ रूपए की लागत से बनाई जाने वाली इस सड़क के निर्माण के अंतर्गत करीब सौ करोड़ के मुआवजा प्रकरण भी शामिल हैं।

### मिल चुकी है कटाई की स्वीकृति

केंदा घाट से कारीआम के बीच कुल साढ़े पांच किलोमीटर फोरलेन सड़क बनाई जानी है। इसके अंतर्गत लगभग पांच हजार पेड़ों की कटाई के लिए बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, वहीं अंतिम स्वीकृति के लिए फाईल एडिशनल पीसीसीएफ के समक्ष अरण्य भवन रायपुर भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

- आरके खांबरा
ईई नेशनल हाईवे संभाग

## पूर्व विधायक, पूर्व महापौर समेत दर्जनभर कांग्रेस नेताओं ने की दावेदारी

# शहर अध्यक्ष बनने दावेदारों की बौछार रायशुमारी में टूट पड़े कांग्रेस नेता





### कांग्रेस भवन में रहा गहमागहमी का माहौल

### पूरे दिन चला वन-टू-वन, रायशुमारी का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी के दौरान रविवार को कांग्रेस नेताओं की भीड़ उमड़ पड़ी, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, वर्तमान अध्यक्ष विजय पांडेय समेत दर्जनभर से अधिक कांग्रेस नेताओं ने इस पद के लिए दावेदारी पेश कर सनसनी फैला दी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक उमंग सिंघार ने कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से देर तक रायशुमारी करते रहे। इसके चलते कांग्रेस भवन में पूरे दिन गहमागहमी का माहौल रहा।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष पद के लिए आज संगठन सृजन अभियान तहत केन्द्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा की गई रायशुमारी के दौरान पूर्व विधायक श्री पांडेय कांग्रेस भवन नहीं पहुंचे, किन्तु उनके समर्थक उनके पक्ष में लाबिंग करते रहे। समर्थकों ने ही पर्यवेक्षक के समक्ष उनका नाम रखा, जबकि पूर्व महापौर रामशरण स्वयं कांग्रेस में उपस्थित रहे और पर्यवेक्षक से बंद कमरे में मिलकर अपना आवेदन भी दिया। इसी तरह वर्तमान शहर अध्यक्ष विजय पांडेय भी शहर अध्यक्ष के दौड़ में दावेदार के रूप में शामिल हैं। इनके अलावा राजकुमार तिवारी, शिवा मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, महेश दुबे, नरेन्द्र बोलर, अमृतांश शुक्ला, सीमा पांडेय, शिल्पी तिवारी, शैलेन्द्र जायसवाल समेत दर्जनभर से अधिक लोगों ने पर्यवेक्षक से मिलकर शहर अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। कांग्रेस भवन में आज बारी-बारी से ब्लॉक कांग्रेस 1,2,3 व 4 के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की गई। इस दौरान केन्द्रीय पर्यवेक्षक से कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, विनोद साहू, रविन्द्र सिंह, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, श्रीमती रश्मि सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पिंकी बतरा, राजेश पांडेय, भरत कश्यप, गौरव दुबे, भास्कर यादव आदि कांग्रेसजन मिलें। पर्यवेक्षक से मिलने आज कांग्रेस पार्षद, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की भीड़ टूट पड़ी थी।

### जिलाध्यक्ष पद के लिए हुई रायशुमारी

पर्यवेक्षक द्वारा रविवार शाम को कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए बेलतरा विधानसभा में बैठक और रायशुमारी की। इस दौरान रविन्द्र सिंह, त्रिलोक श्रीवास, दिलीप पाटिल, राजेन्द्र साहू, विनय शुक्ला, किरण तिवारी आदि ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। इसी तरह शनिवार को मस्तूरी और बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में बैठक, रायशुमारी की गई थी, जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण के लिए मस्तूरी से संतोष दुबे, राजेन्द्र धीवर, मंहेन्द्र गंगोत्री, मनोहर कुर्रे, विरेन्द्र शर्मा, किरण तिवारी ने तथा बिल्हा से राजेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मीनाथ साहू, जगदीश कौशिक, रोमहर्ष शर्मा, विमल अग्रवाल ने जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी ठोंकते हुए पर्यवेक्षक को आवेदन दिया है।

### कभी नहीं दिखने वाले कांग्रेसी नजर आए

कांग्रेस भवन में आज शहर अध्यक्ष के लिए दावेदारों एवं कांग्रेसजनों से वन टू वन की गई और पर्यवेक्षक ने ग्रुप में या अकेले में भी रायशुमारी की। इसके चलते कांग्रेस भवन में आज पूरे दिन गहमागहमी का माहौल रहा। भीतर बंद कमरे में रायशुमारी का सिलसिला चलता रहा और बाहर कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की भीड़ रही। वे कांग्रेस के लोग भी आज दिखे जो कभी कांग्रेस भवन की बैठक या कोई कार्यक्रमों में नजर नहीं आते थे। ऐसे कांग्रेसियों की आज रायशुमारी दौरान उपस्थिति एवं सक्रियता को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा बनी रही।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक ने कहा- जो भी फीडबैग मिलेगा राहुल तक पहुंचाऊंगा

कांग्रेस के केन्द्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रविवार को शहर में कांग्रेस भवन एवं बेलतरा विधानसभा अंतर्गत तुलसी भवन में कांग्रेसजनों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में सक्रियता और मजबूती के लिए नए नेतृत्व को मौका देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान के तहत पूरे देश में कांग्रेस की संगठनात्मक अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है और आप लोगों से जो फीडबैक मिलेगा, उसे राहुल गांधी तक पहुंचाऊंगा। जो भी अध्यक्ष बनेंगे उनके साथ हम सभी को कांग्रेस के लिए काम करना है। श्री सिंघार ने कहा कि आज भले ही मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ भौगोलिक रूप में दो अलग राज्य बन गए हैं किन्तु मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दिलों का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं से ही संभव है। इसमें आप सभी जितनी मेहनत करेंगे उतना लाभ कांग्रेस को मिलेगा और 2028 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी। सिंघार ने कहा कि अब जो अध्यक्ष बनेंगे, उन्हें नई व्यवस्था के तहत कार्य करना पड़ेगा। अध्यक्षों को लगातार अपने कार्यक्षेत्रों में दौरा करना होगा कांग्रेस की रीति नीति के अनुरूप जनता से जुड़ाव करना होगा। आम जनता की समस्याओं को सुनने उनके निराकरण के लिए कांग्रेस भवन में अनिवार्य रूप से बैठना होगा।

## सुबह 4 बजे 260 रुपए में शराब को लेकर विवाद

# हिस्ट्रीशीटर के बेटे की हत्या, एक गुंडा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


मृतक


घायल

रविवार की सुबह 4 बजे 260 रुपए में अवैध शराब का पव्वा बेचने को लेकर विवाद होने पर कोचिए ने अपने गुर्गो के साथ हिस्ट्रीशीटर के बेटे व एक गुंडे की लकड़ी के बत्ते से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गुण्डा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, करबला निवासी हिस्ट्रीशीटर बाबा खटिक उर्फ संतोष का बेटा साहिल खटिक 19 साल अपने दोस्त कोतवाली थाना क्षेत्र का गुण्डा बदमाश किशन यादव पिता रामायण यादव के साथ 11 अक्टूबर की रात सीपत लूथरा उर्स देखने गया। रात 3 बजे दोनों शहर लौटे और सुबह 4 बजे शराब पीने के लिए तिफरा सब्जी मंडी के सामने शराब दुकान के पास चखना दुकान पहुंच गए। चखना दुकान संचालक चिंगराजपारा निवासी साहिल साहू ने शराब का पव्वा देकर 260 रुपए की मांग की। दोनों युवक उससे कहने लगे हमें नहीं पहचानता है जो इतनी महंगी शराब दे रहा है। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर साहिल साहू व उसके कर्मचारियों ने दोनों युवकों की लकड़े के बत्ते से जमकर पिटाई कर दी, सिर में गंभीर चोट आने से साहिल खटिक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं किशन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस घायल युवक से पूछताछ कर चखना दुकान चलाने वाले हमलावर साहिल साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### मुख्य संदेही हिरासत में

- तिफरा सब्जी मंडी के सामने शराब दुकान के पास चखना दुकान में बेची जा रही थी अवैध शराब

### चखना दुकान चलाने वाला जेल में बंद

तिफरा सब्जी मंडी के सामने शराब दुकान के बाजू में राजू चिल्हर अवैध रूप से टपरी बनाकर चखना दुकान चलाकर अवैध शराब बेच रहा था। पूर्व में सिरगिट्टी पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके जेल जाने के बाद उसका छोटा भाई साहिल साहू चखना दुकान की आड़ में रात भर अवैध शराब बेच रहा था।



### धरी रह गई होशियारी

आरोपी साहिल साहू डायल 112 को सूचना देकर पुलिस के साथ मृतक को लेकर सिम्स आया और पुलिस को गुमराह करने लगा। पुलिस ने घायल युवक से पूछताछ की तो वह आरोपी को पहचान लिया। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### बारिश से राहत लेकिन उमस ने किया परेशान

**बिलासपुर।** बारिश ने रविवार को राहत दी और सुबह से ही खिली धूप निकली। इस दौरान सूरज की तपीश के चलते तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया लेकिन इस दौरान उमस ने लोगों को प्रभावित किया। बताया जा रहा है कि मानसून लौट रहा है और मौसम विभाग के अनुसार 15 अक्टूबर तक मानसून प्रदेश से विदा हो सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 2-3 दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ से मानसून के कारण ही परिस्थितियां अनुकूल बन रह सकती है और हल्की व मध्यम बारिश की आशंका बन रही है।

## अब सिर्फ सामान्य कार्ड के लिए रहेगी पात्रता

# पांच एकड़ से अधिक जमीन, सात हजार कार्डधारी अपात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच एकड़ से अधिक जमीन के मालिक होने के बाद भी विगत लंबे समय से अंत्योदय योजना का लाभ ले रहे जिले के करीब सात हजार राशनकार्ड धारी अब बीपीएल सूची से बाहर कर दिए जाएंगे। सरकार के नियमों के अनुसार पांच एकड़ से अधिक भूमि वालों को इस योजना के लिए अपात्र माना गया है। ऐसे हितग्राही अब सिर्फ एपीएल के अंतर्गत सामान्य राशनकार्ड के लिए पात्र रह जाएंगे।

- पटवारियों के सत्यापन के बाद स्पष्ट हो गई स्थिति

पांच एकड़ से अधिक जमीन के मालिक होने के बाद भी सालों से अंत्योदय योजना के अंतर्गत पीडीएस से चावल एवं शक्कर का उपभोग करने वाले 7 हजार 58 हितग्राहियों पर नियमों का डंडा चलने वाला है। सरकार के नियमों के अनुसार पांच एकड़ से अधिक भूमि वालों को अंत्योदय योजना का लाभ नहीं दिया जाना है। ऐसे में खाद्य विभाग को राज्य स्तर से प्राप्त हितग्राहियों की संदेहास्पद सूची का फील्ड में जाकर भौतिक सत्यापन कराया गया है, जिसमें इस बात की पुष्टि हुई है कि संबंधितों के पास पांच एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध है। ऐसे में इन सभी हितग्राहयों को अपात्र करते हुए योजना से बाहर किया जाएगा। इन सभी हितग्राहियों को एपीएल के अंतर्गत सामान्य कार्ड की पात्रता रहेगी।



### हर पंचायत में औसतन दस मामले

राशन कार्डों के सत्यापन कार्य के दौरान टीम को हर गांव में औसतन दस मामले ऐसे मिले हैं, जहां हितग्राही के पास पांच एकड़ से अधिक भूमि है और अंत्योदय योजना का लाभ लिया जा रहा है। खाद्य विभाग के अनुसार शासन के पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले हितग्राहियों के अपात्र माने जाने वाले निर्णय से बड़े वर्ग को नुकसान नहीं होना है। जिले के शेष सारे कार्डधारी अंत्योदय योजना के लिए पात्र ही रहेंगे। सत्यापन के दौरान ढाई एकड़ से अधिक एवं पांच एकड़ से कम वालों की जांच भी की जा रही है, लेकिन ऐसे सारे 61 हजार कार्डधारी योजना के लिए पात्र हैं।

### कराया गया था सत्यापन

जिले के 7 हजार 58 संदेही कार्डधारियों की भूमि का सत्यापन कराया गया था, जिसमें पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जांच के बाद संबंधितों के पांच एकड़ से अधिक भूमि का स्वामी होने की पुष्टि की गई है। शासन के नियमों के अंतर्गत ये अंत्योदय योजना हेतु अपात्र किए जाएंगे। इन सभी हितग्राहियों की एपीएल कार्ड के लिए सामान्य कार्ड की पात्रता रहेगी।

- अमृत कुजूर, फूड कंट्रोलर

# गोदाम में पीडीएस का चावल पल्टी कर बेचने की तैयारी

**बिलासपुर।** राशन दुकान के गोदाम में बरदाना से पीडीएस की चावल बोरी में भरकर मार्केट में बेचने की तैयारी कर रहे संचालक को पकड़कर 44 बोरी चावल जब्त किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन फूड विभाग को भेजा है।


44 बोरी चावल जब्त

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, क्षेत्र के लोगों से सूचना मिली, टिकरापारा खटिक मोहल्ला निवासी राजू खटिक शासकीय राशन दुकान चलाते हैं। शासन से गरीबों को बांटने के लिए भेजी गई पीडीएस की चावल संचालक गोदाम में बरदाना से बोरी में पलटी कर मार्केट में बेचने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ गोदाम में दबिश दी, वहां बोरी में पलटी किया गया चावल रखा हुआ था। पुलिस ने 44 बोरी चावल जब्त कर संचालक को चावल के संबंध दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस जारी कर फूड विभाग को कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। ज्ञात हो कि लगातार राशन दुकानों में गरीबो को बांटने के लिए वितरत की गई चावल को बरदाना से पलट कर मार्केट में बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं।





# त्यौहारी सीजन में लोग सड़क जाम से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिवाली की खरीददारी शुरू होते ही लोगों को ट्रैफिक जाम ने परेशान कर दिया है। 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र की खरीदारी के लिए निकली लोगों की भीड़ के कारण शहर की हर सड़क पर जाम लग रहा। इसके बावजूद पुलिस, प्रशासन और निगम ने लोगों को इस परेशानी से बचाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। गोलबाजार को जरूर वन वे किया गया लेकिन उसका बहुत अधिक असर देखने को नहीं मिला। यहां तक कि चारपहिया भी बाजार में जाते दिखाई दिए। धनतेरस के दिन की बाजार की हालत क्या होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सड़कों के साथ ही दुकानों के सामने गाड़ियों के खड़े रहने के कारण अधिक परेशानी हुई। खास तौर पर रिवर व्यू में संडे मार्केट लगने के कारण सदर बाजार और गोलबाजार से लेकर गोंड़पारा, देवकीनंदन चौक वाले क्षेत्र में भीड़ रही।

- संडे मार्केट के कारण अधिक भीड़ रही
- सिम्स से लेकर गांधी चौक तक की स्थिति और खराब

निगम अफसरों ने एक महीने पहले दावा किया था कि इस बार दिवाली में अलग-अलग वेंडर जोन बनाए जाएंगे। लेकिन अभी तक कहीं भी एक जोन नहीं बना है। यही वजह है कि छोटे कारोबारियों को जहां जगह मिल रही है वहां दुकानें लगाई जा रही हैं। इससे सड़क संकरी हो रही है। शहर में अभी सबसे ज्यादा भीड़ सिम्स चौक से जूना बिलासपुर तक रही। गोलबाजार, सदर बाजार का तो हाल ही बेहाल रहा। इसके साथ ही मंगला चौक, बुधवारी, व्यापार विहार से लेकर लिंक रोड में पैर रखने की जगह नहीं मिली। ऐसा लगा कि खरीददारी करने पूरा शहर उमड़ पड़ा।

### पार्किंग तो है लेकिन उपयोग नहीं

हालांकि शहर में कलेक्टोरेट के साथ ही लखीराम आडिटोरियम में पार्किंग की व्यवस्था है लेकिन इसका उपयोग कोई नहीं करता। बाजार पहुंचने वाला हर व्यक्ति दुकान के सामने ही गाड़ी खड़ी करना चाहता है। खास तौर पर इन पार्किंग में कार वाले तो फिर भी कभी कभार दिखाई देते हैं, लेकिन दोपहिया वाले वहां नहीं जाते हैं। इस वजह से सड़क पर दोपहिया वाहनों की संख्या बहुत ज्यादा दिखाई दे रही है। दूसरी ओर त्योहारी सीजन में लोग परिवार के साथ खरीदारी करने के लिए आते हैं। इस वजह से वे गाड़ी साथ में ही रखते हैं। पिछले कई दिनों से मुख्य बाजारों में कार अधिक दिखाई पड़ रहे हैं लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। कई बार कार वाले भी गोलबाजार जैसी संकरी सड़कों पर गाड़ी ले जाते दिख रहे हैं। इससे जाम बढ़ जा रहा है और लोग घंटों बाजार में फंस रहे हैं।

### फुटपाथ पर लगा अस्थायी बाजार

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही शहर में फुटपाथ पर बाजार सज गए हैं। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से हालात यह हैं कि आम रास्ते और फुटपाथों पर दुकानें लग गई हैं। इसके अलावा शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकान सजाने के लिए सामान फुटपाथ पर रख लिया है। बाजार में चल रही इस मनमानी के कारण आम रास्ते सिकुड़ गए हैं। इनकी व्यवस्था नहीं बनाई गई है। ऐसे में यदि चारपहिया वाहन यहां से निकलता है तो वहां ट्रैफिक जाम हो जाता है। सिम्स से लेकर जूना बिलासपुर चौक तक सदर बाजार, गोलबाजार में सराफा बाजार, बर्तन मार्केट व कपड़ा बाजार हैं। करीब एक हजार से अधिक दुकानें हैं। बाजार में प्रतिदिन 10 से 12 हजार वाहन गुजर रहे हैं। यहां पार्किंग के नाम पर कोई भी जगह नहीं है।

## खबर संक्षेप

### रितिका एवं अर्चना का चयन संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शन के लिए



**बिलासपुर।** जिले में छत्तीसगढ़ विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग तथा राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद रायपुर द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शन मॉडल की प्रदर्शनी तेजस मल्टीपरपज स्कूल दयालबंद में 11 अक्टूबर को आयोजित किया गया। जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत मुख्य विषय पर केंद्रित था। जिसके अंतर्गत विज्ञान के पांच आयामों पर आधारित था। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चकरभाठा के व्याख्याता मनोज कुमार यादव ने बताया कि हरित ऊर्जा वर्ग में रितिका मेश्राम के मॉडल को प्रथम स्थान एवं जल संरक्षण प्रबंधन वर्ग में अर्चना सूर्यवंशी को तृतीय स्थान मिला है। इन दोनों विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ है। यह मॉडल श्री यादव के भौतिक मार्गदर्शन में बनाया गया था।

### डॉ सविता ने दिया हिन्दी साहित्य में महिला सशक्तिकरण की अवधारणा पर व्याख्यान



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या स्वशासी महाविद्यालय में स्वशासी अध्ययन मंडल की बैठक डॉ हरिणी रानी आगर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत सदस्य प्राचार्या डॉ सविता मिश्रा, प्राध्यापक डॉ राजकुमार सचदेव, डॉ कल्याणी जैन, डॉ हेमन्त पाल घृतलहरे एवं वंदना रानी खाखा उपस्थित रहे। बैठक में छात्राओं के हितों और प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए नवीन संशोधित पाठ्यक्रमों का निर्धारण और अनुमोदन किया गया। डॉ सविता मिश्रा ने हिन्दी साहित्य में महिला सशक्तिकरण की अवधारणा पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित किया। डॉ हेमन्त पाल घृतलहरे ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन वंदना रानी खाखा ने किया । कार्यक्रम में डॉ मीनाक्षी पाण्डेय, डॉ अवनीश कुमार सिंह, सुश्री अलका शुक्ला, प्राची सिंह, अनुसुइया महिलांगे, मेघा यादव, सुरुचि पांड़े, श्रेया शर्मा, पलक नवरंग, करिश्मा नवानी, रमीशा रजक, प्रिया नायक, काजल कोसरिया, नाजमीन खान, वर्षा नायक, रिया झा, प्रगति, ईशा साहू, मनीषा भोई, मंजुला सोनचे, गरिमा तिवारी, प्रियंका केवट, सुष्मिता खूंटे एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

### आदर्श दुर्गा उत्सव समिति का लकी ड्रा सुनीता को पहला पुरस्कार



**बिलासपुर।** आदर्श दुर्गा उत्सव समिति अपने गौरवशाली स्वर्ण जयंती पर रविवार को लकी ड्रा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयोजन समिति के पंडाल के पास किया गया। जिसमें लकी ड्रॉ की प्रथम विजेता सुनीता सिंह पति उमेश कुमार सिंह उसलापुर अलका एवेन्यू बिलासपुर रही। सुनीता को समिति के अध्यक्ष जवाहर सराफ एवं सदस्यों ने आई 10 कार प्रदान किया।


### नेत्र प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने जितेन्द्र

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों के हित व सहयोग के लिए नेत्र प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। बिलासपुर जिले में पदस्थ नेत्र सहायक जितेन्द्र गहवई को जिला संयोजक बनाया गया है। श्री गहवई लंबे समय से नेत्र सहायकों के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे है और छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ में सक्रिय भूमिका निभा रहे है।




## कई सड़कें तो बहुत ही जर्जर, नहीं हुआ कोई सुधार

# दिवाली की खरीदारी में शहरवासियों का 'मूड ऑफ' कर रहीं खस्ताहाल सड़कें



बस स्टैण्ड से करबला रोड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में दिवाली का उत्साह नजर आने लगा है। शहर के बाजार सुबह से देर रात तक खरीदारों से गुलजार नजर आने लगे हैं। इसके विपरीत दिवाली की खरीदारी में निकलने वाले शहरवासियों का उत्साह खस्ताहाल सड़कों पर हिचखोले खाते ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। शहर की कई सड़कें ऐसी हैं, जो दुपहिया-चारपहिया वाहन तो दूर, पैदल तक चलने लायक नहीं हैं। जबकि ये सारी शहर के भीतर की सड़कें हैं।

### नर्मदा नगर चौक से आगे धंस रही सड़क

नर्मदा नगर चौक से आगे विगत लंबे समय से जर्जर सड़क आज दिनांक तक नहीं सुधारी जा सकी है। इस मार्ग पर सीवरेज के प्रभाव से सड़क धंस रही है, लेकिन मुख्यमार्ग होने के बाद भी किसी भी अधिकारी को इस सड़क की जर्जर हालत नजर नहीं आ सकी।



गौरवपथ में धंसी सड़क।

### बस स्टैण्ड से करबला रोड

सूर्या हॉटल के ठीक पीछे बस स्टैण्ड चौक से लेकर भाजपा कार्यालय तक यह सड़क बेहद खराब है। बीते दिनों हुई बारिश के कारण सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा है, जिससे लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। कश्यप कॉलोनी एक बड़ी कॉलोनी होने एवं गांधी चौक व जूना बिलासपुर के लिए शार्टकट होने के कारण बड़ी संख्या में शहरवासियों का आवागमन इस मार्ग से होता है, लेकिन आज दिनांक तक इस सड़क के नए निर्माण तो दूर सुधार तक का प्रयास नहीं किया जा सका है। चौक पर ही सब्जी बेचने का काम करने वाले दुर्गेश कछवाहा ने बताया कि बीते दिनों बारिश क्या हुई दुकान में बैठना दूभर हो गया है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही से सामान भी खराब हो रहा है और बैठने वालों के कपड़े भी।

### नेहरू चौक से इंदिरा सेतु

नेहरू चौक से इंदिरा सेतु के बीच सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि यहां लगभग रोज ही वाहनचालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इस मार्ग पर विशेषकर त्रिपाठी नर्सिंग होम की ओर सड़क अत्यधिक जर्जर है। पहले से कम चौड़ी इस सड़क के बीचों बीच बेरिकेट्स लगा देने के बाद इस मार्ग पर आवागमन के लिए काफी कम जगह बची है। इस मार्ग पर मोची की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि दुकान में बैठे-बैठे वे दुपहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाग्रस्त होते वे रोज ही देखते हैं।

### जूना बिलासपुर से पचरीघाट रोड

जूना बिलासपुर रोड शहर की ऐसी सड़क है जो नेशनल हाईवे कहलाती है। इस सड़क की खस्ताहाल हालत इसके नेशनल हाईवे कहलाने पर बट्टा लगा रही है। सड़क की हालत गांधी चौक से नागोराव शेष स्कूल से और आगे तक बेहद खराब है। सड़क को लेकर कपड़ा व्यापारी रामचंद्र हिरवानी का कहना है त्योहारी सीजन में ग्राहकों को सामान देने से ज्यादा तो दुकान की साफ सफाई में ही अधिक समय लग जा रहा है। बाहर इतने गड्ढे व उधड़ी सड़क हैं कि पूरी डस्ट दुकान के भीतर आकर कपड़ा खराब कर रही है। यह मार्ग भी लगभग चौबीसों घंटे आवाजाही वाला है, लेकिन सुधार नहीं किया जा सका है। मार्ग में जीरा गिट्टी भी डाल दिया गया होता तो लोगों को त्योहार में आवागमन करने में आसानी हो जाती।

### शुरू किया जाएगा सुधार कार्य

बारिश के कारण सड़कों का सुधार कार्य नहीं हो सका था। पेंचवर्क के लिए भी टेंडर किए जा चुके हैं। अब बारिश समाप्त होते ही सारी जर्जर सड़कों का सुधार प्रारंभ किया जाएगा।

**-सीएस विंध्यराज,** ईई पीडब्ल्यूडी संभाग क्रं.-1

# अमर ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



**बिलासपुर।** वार्ड नंबर 32 शहीद विनोद चौबे नगर में विधायक अमर अग्रवाल एवं महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी के करकमलो से लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

वार्ड 32 मे कुछ निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं जिसमे सामुदायिक भवन हाल, दुर्गा मंदिर एवं दो बोर खनन कार्य, वृद्धा आश्रम एवं महिला थाना पास तथा आगामी होने वाले निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इसमे सुरभी शिशु मंदिर गली सीसी रोड, सतीश मिश्रा गली, सीसी रोड, नाली निर्माण, सिंधी मोहल्ला गली में आयरन कलवट निर्माण, इमलीपारा सामुदायिक चबूतरा, शेड निर्माण कार्य, इमलीपारा मेन रोड नाला निर्माण कार्य आदि प्रारम्भ होने हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल का स्वागत पार्षद अमित तिवारी के अलावा दुर्गा मंदिर समिति के सदस्य, सिंधी समाज के पदाधिकारी, मोहल्ले के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ताओं ने किया। पार्षद ने आभार प्रदर्शन किया।

# पारिजात में स्वयंसेवकों ने किया पथसंचलन



**बिलासपुर।** महाराष्ट्र मंडल परिसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दाहिर उपनगर पारिजात बस्ती में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इसमें स्वयंसेवकों का पथ संचलन मंडल परिसर से रवाना हुआ जो गांधीनगर, अर्चना विहार, ओम गार्डन से पारिजात एक्सटेंशन प्रवेश किया। यहां से पत्रकार कॉलोनी, श्रीराम विहार कालोनी होते हुए पुनः महाराष्ट्र मंडल परिसर पहुंचा।

संचलन का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया। उत्सव स्थल पर पारिजात बस्ती पालक डॉ विनोद निर्मलकर की उपस्थिति में अभ्यागतों ने दीप प्रज्वलन, शस्त्र एवं भारत माता पूजन किया। भगवा ध्वजारोहण हुआ। अतिथियों के परिचय पश्चात स्वयंसेवकों ने योग का प्रदर्शन किया। सांघिक गीत प्रतूल काले, अमृत वचन गौरांग भाकरे तथा सुभाषित की प्रस्तुति आर्यव्रत डेग्वेकर ने दिया। मुख्य अतिथि डा भगवती प्रसाद चंद्रा ने संघ के साथ अपने अनुभव साझा किए। मुख्य वक्ता विश्वास जलताडे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन पर अपने विचार रखे और बताया कि पंच परिवर्तन में पांच आयाम शामिल किए गए हैं। मंच संचालन निलेश अरविंद पिंपलापुरे ने किया। पारिजात बस्ती प्रमुख गजानन वासुदेव फड़के ने आभार व्यक्त किया। यह जानकारी पारिजात शाखा के मुख्य शिक्षक महेश तामस्कर ने दी।



### शुभमविहार बस्ती का शताब्दी पथसंचलन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर रविवार को सुबह 8 बजे शुभमविहार में चारों तरफ सिर्फ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शिवमंदिर शुभमविहार से ओम जोन, गौरी गणपति, शिवमंदिर, ग्रीन गार्डन, 36 मॉल, रियल्टी हैवन, महावीर सिटी, मिनोचा कालोनी से पथ संचलन करते हुए पुनः शिवमंदिर, शुभमविहार पहुंचे। यहां भव्य सभा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पुणेद्रु भट्ट, सीए सुरेंद्र अग्रवाल थे। मुख्य आयोजकों में शुभमविहार बस्ती प्रमुख हरदयानन्द पांडेय, नरेंद्र सेंगर आदि प्रमुख थे। आयोजन में निषाद पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी संजय सिंह राजपूत, जे पी हाईट्स विकास समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, राजेश वर्मा, पाटीदार समाज के अध्यक्ष हरिभाई पटेल, शुभमविहार विकास समिति के अध्यक्ष अखिलानंद पांडेय, सागा ले आउट के रमेशचन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### सामूहिक प्रयास से ही रोक सकते हैं बाल विवाह

**बिलासपुर।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सिंह एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सूर्यकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया इसमें बाल विवाह करने कराने या उसमें सहयोग देने वाले को दो वर्ष की सजा अथवा 1 लाख रुपए जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। बाल विवाह सामूहिक प्रयास और जनजागरूकता से ही समाप्त किया जा सकता है।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान पर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंटरनेशनल लायंस क्लब्स द्वारा सेवा सप्ताह 4 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग अवेयरनेस वीक मनाया गया। जिसमें सभी क्लबों द्वारा सप्ताह भर सीनियर सिटीजंस, महिलाओं, बच्चों, कॉर्पोरेट क्षेत्र के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उन्हें किसी भी तरह के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर बोलने के लिए कहा गया, सुझाव दिए गए।

अपनी समस्याओं पर खुल कर बात कीजिए और चुप्पी तोड़िए। जागरूकता अभियान के तहत सभी क्लबों के द्वारा स्कूटी, बाइक और कार से रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि एएसपी गरिमा द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली



को रवाना किया। सिम्स के बगल से गोल बाजार, गांधी चौक होते हुए महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित योग भवन तक गई।

वहां पर सभी ने हनुमान चालीसा पाठ किया।पौधे उपहार में दिए गए। रैली में बिलासपुर के 15 क्लबों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर शेफाली सिंह, डॉ सुरभि राजगीर, अनीता दीवान, रश्मि जीतपुर, इंद्रा त्रिपाठी, एकता मलिक , श्वेता शास्त्री, डॉ शकुंतला जीतपुरी, शशि देवांगन, अर्चना तिवारी, रश्मि लता मिश्रा, रीता राजगीर, बरखा सिंह, प्रीति चौरसिया, वंदना श्रीवास्तव, बिंदु गुप्ता, शशि भारद्वाज, संतोष पांडे, विष्णु गुप्ता, राजेश गुप्ता, सईदा वनक, एम आशा, अरविंद वर्मा, लायंस क्लब, बिलासपुर प्राइड, स्माइल उत्कर्ष, समृद्धि रॉयल शक्ति वसुंधरा श्रीजन ज्योत्सना क्लासिक प्लस, सेवा ब्राउंस वूमेन गोल्ड क्लबों के सदस्यों की शानदार सहभागिता रही।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




धर्म-क्षेत्र

## दिवाली, दशहरा हमारी संस्कृति सभ्यता के मूल आधार : शास्त्री



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को आयोजित साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम में यज्ञ के बाद सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया गया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि हमारे चार पर्व प्राचीन समय से चले आ रहा है पर हम उसके वास्तविक स्वरूप को भूलते जा रहे हैं। हमारा सत्य शास्त्र वेद है और वेद अनुकूल चार वर्ण व्यवस्था और चार पर्व निश्चित है। इसमें श्रावणी, विजयादशमी, दीपावली, होली आदि शामिल है। यह हमारी संस्कृति, सभ्यता के मूल आधार चार पर्व है। जिसे विकृत किया जा रहा है। इसे बचाना होगा। इन पर्वों के वास्तविक स्वरूप को जानकर उसके वास्तविक स्वरूप में मनाना होगा। इस मौके पर आशीष बत्रा, दुःखभंजन जायसवाल, शकुंतला पटेल, प्रमोद गुप्ता, माखनलाल नागदेव देवकुमार यादव, डॉ प्रेमांकुर गुप्ता, उदय राजपाल, अश्वनी जायसवाल, हीरा चंद्रा सपरिवार उपस्थित रहे।

आयोजन

## श्री सच्चिदानंद महराज ने बच्चों को पटाखे व मिठाइयां बांटी



**बिलासपुर।** शंकर नगर माँ नष्टी मंदिर में दिपावली के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। श्री चक्र महामेरु पीठम के पिठाधीश श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के द्वारा 100 से अधिक बच्चों को फटाके, कपड़े और मिठाई बांटे गए। इस आयोजन से क्षेत्र के बच्चों में काफी उत्साह देखा गया, जो दिवाली के त्योहार को और भी खास बना रहा था। गुरूजी की इस पहल से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आई और उन्हें दिवाली का त्योहार मनाने का एक नया तरीका मिला। क्षेत्र के लोगों ने गुरूजी और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की ।

आयोजन

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लोगों ने उठाया लाभ



**बिलासपुर।** फ़ोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स जिला समिति द्वारा जल संसाधन परिसर स्थित प्रार्थना भवन में पेंशनर्स एवं परिवार के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ एल सी मढ़रिया, नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ श्वेता मित्तल, जनरल मेडिसिन डॉ आशीष गहवई, मेट्रो चिल्ड्रन हॉस्पिटल से डॉ चन्द्र भूषण देवांगन, डॉ किरण चन्द्र पंकज, होराइजन डेंटल कॉलेज सकरी से डॉ स्वाती अग्रवाल, डॉ इशानी, डॉ श्रेया मक्कासरे सहित अन्य डॉक्टरों ने सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ मढ़रिया ने स्वास्थ्य पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी,आयुष डॉ रश्मि जितपुरे ने स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद की उपयोगिता पर अपने विचार रखें,अर्बन बीएमओ डॉ रक्षित ने आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी दी। शिविर में उपस्थित सभी डॉक्टर्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इं आर पी शुक्ला,राजेश मित्तल,राम सिंह राठौर, राजेश दीक्षित,राजीव नयन शर्मा, उमाकांत मिश्रा,अनिल सोनी,रवि मोहन,अशोक कुमार साहू, एसपी मिश्रा, राजेंद्र दबे, एचसी राठौर, राजेन्द्र सक्सेना आदि का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम

## साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न



**बिलासपुर।** नगर के नियमित एवं सुदीर्घ चलने वाली साहित्य समिति की265वें अंक शनिवार को वरिष्ठ कवि बल्लू दुबे के निवास में हुआ,काव्य गोष्ठी नगर में गणमान्य कवियों की उपस्थिति में हुआ। जिसमें भारतीय संस्कृति की चतुर्मासिक व्रत त्यौहारों को समाहित करते हुए, पितृपक्ष, नवरात्रि,दशहरा, शरद पूर्णिमा पर आधारित कविताओं का कवियों द्वारा साहित्यिक रसपान करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि विजय तिवारी मुख्य अतिथि कवि अमृतलाल पाठक रहे, कवियों में एन के शुक्ल, सुधाकर बिबे, बुधराम यादव, केवल कृष्ण पाठक,दिनेश्वर राव जाधव,शैलेंद्र गुप्ता, बल्लू दुबे, ओम प्रकाश भट्ट, हरबंश शुक्ल, संचालन राकेश खरे ने किया।

# दिवाली : दीयों को आकर्षक रूप देने में लगे स्पेशल बच्चे

दीपों का पर्व दिवाली अब एकदम निकट है। इस पर्व के मद्देनजर कुम्हारों द्वारा दीए, ग्वालिन, कलश बनाए जाने लगे हैं। वहीं स्व-सहायता समूह की महिलाओं, स्पेशल व मूक-बधिर बच्चों द्वारा दीए को डेकोरेट कर आकर्षक रूप देने का काम किया जाने लगा है। गोबर के दीए भी बनाए जा रहे हैं। जिसे धनतेरस के पहले बाजार में लांच किया जाएगा।

### समूह की महिलाएं वेस्टेज चीजों से बना रहीं उपयोगी सामान





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिवाली रौशनी का पर्व होता है। इस पर्व में दीयों की रौशनी से पूरा शहर जगमगाता है। पूजा के समय घर-घर दीए जलाए जाते हैं। प्रतिष्ठानों में भी दीयों की रौशनी की जाती है। इससे सामान्य दीयों के अलावा गोबर व डिजाइनर दीयों की इस समय भारी मांग रहती है। जिसकी आपूर्ति करने कुम्हारों के अलावा स्व-सहायता समूह की महिलाएं, युवा, बच्चे माह भर पहले दीयों को डेकोरेट करने का काम शुरू कर देते हैं। इससे दिवाली के निकट आते ही बाजार में विविध तरह के दीए दिखने लगते हैं और लोग अपनी बजट व पसंद अनुसार इसकी जमकर खरीददारी करते हैं।



### रहती है गोबर के दीए की पूछ-परख

गऊ माता के गोबर अपने आप में शुद्ध होता है। आजकल शहर के गौ सेवा धाम में गोबर के दीए बनाए जाने लगे हैं। धाम के शत्रुहन कृष्ण दास ने बताया कि दिवाली में गोबर के दीयों की भारी पूछ-परख रहती है, इसलिए दिवाली से पहले गोबर के दीए बनाने शुरू कर देते हैं, पर इस साल मौसम की मार के चलते अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। एक-दो दिन बनाना शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि गोबर के दीयों को सूखाने व सूखने के बाद उसे डेकोरेट करने में भी समय लगता है। दीया बनाने के इस काम को वे पिछले 5 साल से कर रहे हैं। इस कार्य में गोपाल दास रामानुज, विपुल शर्मा का भी सहयोग रहता है।

### आकर्षक दिया और लाइटिंग से सजा बाजार

रंग बिरंगी झालरों का बाजार सज गया है, आर्टिफिशियल झालरों व दीपों से घरों को चमकाने की ललक युवाओं को इनकी ओर आकर्षित कर रही है। रंग-बिरंगी झालरों की बिक्री खूब हो रही है। इलेक्ट्रिक दिया की भी बाजार में खूब मांग है, इलेक्ट्रिक मोमबत्ती, दिया और कलश को लोग खूब पसंद कर रहे है। परंपरागत मिट्टी का दिया भी आजकल आकर्षक डिजाईन में बिक रहे है।

### महिलाएं दे रहीं आकर्षक रूप

दीया डेकोरेशन करने में प्रतिभा-आरती स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी लगी है। समूह की प्रतिभा सागर ने बताया कि उनके द्वारा दिवाली पर चंदिया दीया, राजस्थानी व कोलकाता की सिंपल दीयों को कलरफूर पेटिंग कर आकर्षक रूप दिया जा रहा है। जिसे शहर के लोग काफी पसंद करते हैं। इसके अलावा ग्वालिन, लक्ष्मी-गणेश वाला प्लेट, मंदिर, सिंहासन को भी डेकोरेट किया जा रहा है। घर की वेस्टेज चीजों से फ्लावर लड़ी, वंदनवार, कैण्डल, आकाशदीप बनाया जा रहा है। इन आयटमों की भी दिवाली में भारी डिमाण्ड रहती है।

# छठ पूजा का मनाया जाएगा सिल्वर जुबली वर्ष

दुर्गा पूजा के बाद बिलासपुर में छठ महापर्व की तैयारी आरंभ हो चुकी है। तोरवा स्थित एशिया के सबसे बड़े मानव निर्मित छठ घाट पर आयोजन का यह सिल्वर जुबली वर्ष है इसलिए आयोजन को नई ऊंचाई देने पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी और सहजानंद समाज के सदस्य जुटे हुए हैं।



आयोजन को नई ऊंचाई देने जुटे सभी सदस्य, संचालक मण्डल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तैयारी के क्रम में रविवार को छठ पूजा कार्यालय का पूजा-अर्चना के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। संरक्षक मंडल में शामिल समिति के वरिष्ठ सदस्य एचपीएस चौहान ने रिबन काटा। साथ ही बताया गया कि घाट की साफ-सफाई, रंग-रोगन, पार्किंग व्यवस्था को अब तेज गति से पूरा किया जाएगा। इस वर्ष अभिनव प्रयोग करते हुए समिति में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के बजाय पांच सदस्यीय संचालक मंडल का गठन किया गया है। जिसके साथ समिति के सभी सदस्य मिलकर आयोजन का सुचारू संचालन करेंगे।

### सभी सदस्य करेंगे आयोजन का संचालन

संचालक मंडल के प्रवीण झा ने कहा कि छठ घाट के निर्माण से लेकर आयोजन को नई ऊंचाई देने में सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनमें से ऐसे कई सदस्य हैं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन छठ घाट के लिए समर्पित कर दिया लेकिन वे कभी किसी पद पर आसीन नहीं हुए। उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे योग्य एवं अधिकारी थे। इसी वजह से इस वर्ष वरिष्ठ सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस बार पदाधिकारियों की नियुक्ति के बजाय सभी सदस्य संयुक्त रूप से आयोजन का संचालन करेंगे ताकि उन्हें भी अपनी भागीदारी का सुखद अनुभव हो। पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के डॉ धर्मेंद्र कुमार दास ने कहा कि अब आयोजन की तैयारी को तेज गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि रजत जयंती वर्ष में आयोजन पूर्व से और भव्य एवं यादगार होगा। सहजानंद समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे अभय नारायण राय ने कहा कि हर वर्ष छठ घाट की साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था, बिजली, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं में प्रशासन का उल्लेखनीय सहयोग मिलता है। इसके लिए उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस दौरान सदस्यों में जिम्मेदारियां भी दी गई।

### महाआरती से होगा छठ पूजा का आगाज

इस वर्ष 25 से 28 अक्टूबर तक सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित छठ पर्व मनाया जाएगा। इसका शुभारंभ नहाए-खाए के साथ होगा। इसी दिन मां अरपा की महाआरती की जाएगी। 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य व 28 अक्टूबर को उदित होते सूर्य देव को अर्ध्य देकर छठ पर्व का पारण होगा।

### इनकी रही उपस्थिति

रविवार को छठ पूजा कार्यालय शुभारंभ अवसर पर एचपीएस चौहान, बी एन झा , आर पी सिंह सहजानंद, प्रवीण झा, डॉ धर्मेंद्र कुमार दास , अभय नारायण राय, सुधीर झा, बी एन ओझा, एस के सिंह,गणेश गिरी,लव ओझा, संजय सिंह राजपूत, दिलीप चौधरी, धनंजय झा , विनोद सिन्हा, रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राम गोस्वामी, रौशन सिंह, राम प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह , प्रभात चौधरी, सुनील गुप्ता, कमलेश सिंह, संतोष राय, प्रमेंद्र सिंह, संतोष ओझा, प्रवीण दुबे, जेपी सिंह अयोध्यापुरी, प्रशांत सिंह, सतीश सिंह, उमेश झा, धीरज झा, डीके सिंह, जय दुबे , अमर बृजराज सिंह, अक्षय ओझा, पुरुषोत्तम पांडे, अभिषेक प्रभाकर, दिलीप श्रीवास, विशाल श्रीवास, मनोज श्रीवास, साहिल पटेल, विनोद सिंह, संतोष श्रीवास, अमन सिंह, अरविंद मिश्रा, संजय यादव, शिव तिवारी, रिंकू दुबे , रंजन सिंह, सुभाष तिवारी, नीतिश सिंह , अमन साहू, आशुतोष पांडे, अभिषेक पांडे , राहुल सिंह , विनोद सिन्हा, लव कुश तिवारी, कन्हैया दुबे, जगदानंद झा, पीसी झा, आदित्य ठाकुर , किशोर झा, सच्चिदानंद झा, हर्ष झा, आलोक झा, नितिन, किशोर प्रसाद और डॉ कुमुद रंजन सिंह समेत बड़ी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद रहे।



## अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में शहर के बच्चों ने मारी बाजी

**बिलासपुर।** नृत्यधाम कला समिति देशराग द्वारा भिलाई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में श्री डांस एकेडमी उसलापुर के बच्चों ने बाजी मारी। एकल नृत्य प्रतियोगिता में वन्या कौशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

6 वर्षीया वान्या कौशिक की ततकार की गतिमय प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता कथक में भी श्री डांस एकेडमी के बच्चों ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जिसमें दिव्यांशी, श्रीया, निष्ठा, आरुषि, श्रुति, दिशा, वैष्णवी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। गुरु वंदना से नृत्य का आरंभ कर बच्चों ने तोड़े, टुकड़े, ततकार की प्रस्तुति से समां बांध दिया। प्रांजलि भट्ट को गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। प्राजंलि भट्ट ओम प्रकाश मनीषा भट्ट की सुपुत्री है। उन्होंने अपने गुरु पद्मश्री श्री रामलाल बरेठ एवं भूपेंद्र बरेठ से कथक नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर कथक नृत्य में स्नातकोत्तर किया है। वे राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। अब उसलापुर में बच्चों को कथक एवं अन्य नृत्य विधाओं की शिक्षा देते हुए रायगढ़ घराने की परंपरा को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहीं हैं।



दोनों केटेगरी में रहे प्रथम

# भारत में जीएसटी कब लागू हुआ, छग में कितनी भाषाएं, भंडार शब्द का अर्थ बताइए

### वार्ड ब्वॉय और आया की परीक्षा में देरी से पहुंचने पर अभ्यर्थियों की हुई बहस





कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को शहर के 54 केन्द्रों में वार्ड ब्वॉय और आया की भर्ती परीक्षा ली गई। व्यापमं द्वारा एक पाली में सुबह 11 से 1:15 बजे तक परीक्षा ली, जिसमें 19 हजार 298 अभ्यर्थियों ने आवदेन किया था, जिसमें 14 हजार 196 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई, 5 हजार 102 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया की प्रश्नपत्र अच्छा था, जिस प्रकार तैयारी की थी,उससे ही सबंधित प्रश्न पूछे गए। इसमें छत्तीसगढ की भाषा,मुहावरे व इतिहास से सबंधित प्रश्न शामिल थे। छत्तीसगढ में कितनी भाषाएं हैं, छत्तीसगढ में भंडार शब्द से आशय, छत्तीसगढ़ का प्रथम समाचार पत्र कौन सा है, इसके बारे में भी पूछा गया। इसी तरह भारत में जीएसटी कब से लागू हुआ, 28 वां ओलंपिक कहां हुआ जैसे प्रश्न पूछे गए। बता दें कि व्यापमं द्वारा एडमिट कार्ड में ही स्पष्ट उल्लेख करते हुए,परीक्षार्थीयों को दो घंटे पहले निर्देशित किया था। साढ़े दस बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया गया। कई सेंटरों में समय के बाद पहुंचे अभ्यर्थी बाहर ही खड़े रहे, इस वजह से बहसबाजी भी हुई। इसका उद्देश्य यह है कि परीक्षार्थी की मूल पहचान पत्र से पहचान की जा सके और फ्रिस्किंग (सुरक्षा जांच) के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति मिल सके।

### 100 पदों पर होगी भर्ती

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश के अस्पतालों में वार्ड ब्वॉय और आया के पदों पर भर्ती करेगा। जिसके लिए 100 पदों के लिए यह परीक्षा ली गई है, जिसमें 50 पद वार्ड ब्वॉय और 50 पद आया के पदों पर भर्ती की जाएगी। इस परीक्षा में मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। 100 अंक की परीक्षा में माइनस मार्किंग भी था,जिसे दो घंटे में परीक्षार्थियों ने हल किया है।

### सरकंडा, सीएमडी दयालबंद सेंटर में हंगामा

व्यापमं की इस परीक्षा में शहर के तीन सेंटर सरकंडा,सीएमडी व दयालबंद के परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों और सेंटर प्रमुखों के बीच बहसबाजी हुई। तय समय के अनुसार नहीं पहुंचने पर अंदर प्रवेश देने रोक दिया, जिससे नाराज अभ्यर्थीयों ने हंगामा शुरू कर दिया,तकरीबन पौन घंटे तक अंदर प्रवेश देने की बात पर बहस करते रहे।



# चैंपियन गिरता है.. पर रुकता नहीं : कार्तिक

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन' के लिए अपना पहला फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार जीतने के बारे में खुलकर बात की। वहीं, कार्तिक आर्यन को फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतते देख कबीर खान को गर्व महसूस हुआ। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्मफेयर के दौरान की कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही उन्होंने लिखा, 'चैंपियन गिरता है।.. पर रुकता नहीं।' कार्तिक ने बताया यह पल उनके लिए सपने जैसा है। उन्होंने फिल्म के निर्देशक कबीर खान, निर्माता साजिद नाडियाडवाला और वर्दा खान नाडियाडवाला और पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

## लाइफ Style



# चित्रांगदा

## हर कोई जवान दिखने की कोशिश कर रहा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में अभिनेताओं की बढ़ती उम्र हमेशा से बहस का विषय रही है। पुरुष अभिनेता फिल्मों में अपने से काफी छोटी उम्र की अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते रहते हैं। ऐसे में क्या महिला अभिनेत्रियों को अपनी उम्र बढ़ने से रोकने का दबाव महसूस होता है? इस पर चित्रांगदा सिंह ने अपनी बात रखी है।

अभिनेत्री ने कहा 'यह सबके लिए है। अगर आप 70 साल की महिला का किरदार निभा रही हैं, तो आपको वैसा ही दिखना चाहिए। अगर आप 30 साल की उम्र की भूमिका निभाना चाहती हैं, तो आपको उसे निभाना आना चाहिए।' चित्रांगदा सिंह का कहना है कि 'निर्माताओं का ऐसा सोचना जायज है। पुरुष अभिनेताओं के लिए भी यही बात लागू होती है। अक्की (अक्षय कुमार) अपनी फिटनेस पर ध्यान देते हैं, अपने खान-पान पर ध्यान देते हैं। बेशक, जब किसी पुरुष अभिनेता का किरदार लिखा जाता है, तो महिला किरदार के बजाय ज्यादा लचीलापन होता है। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई पक्षपात है। वे फिल्म को आगे बढ़ाते हैं।' चित्रांगदा सिंह ने आगे कहा 'समय बहुत बदल गया है। करीना कपूर कमाल का काम कर रही हैं। विद्या (बालन) बहुत काम कर रही हैं। ये सभी कलाकार अभी भी स्क्रीन पर अपनी अच्छी उपस्थिति बनाए हुए हैं। जहां तक एक खास तरह का दिखने के दबाव की बात है, निकोल किडमैन, डेमी मूर को ही देख लीजिए, हर कोई (जवान दिखने की) कोशिश कर रहा है, आपको भी यह कोशिश करनी होगी। बेशक कलाकारों को हर चीज में दबाव का सामना करना पड़ता है।'

## हॉलीवुड मसाला




# गॉडफादर की रही थीं स्टार...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर और ऑस्कर विजेता अभिनेत्री डाएन कीटन का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कीटन को उनकी फिल्मों एनी हॉल, द गॉडफादर और फादर ऑफ द ब्राइड के लिए जाना जाता है। उनके अनोखे अंदाज, जीवंत व्यक्तित्व और अभिनय की गहराई ने उन्हें अपनी पीढ़ी की सबसे अलग अभिनेत्रियों में से एक बना दिया। कीटन का निधन हॉलीवुड और दुनिया भर के फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अभिनव और यादगार अभिनय ने फिल्मों को समय के पार स्थायी और प्रतिष्ठित बनाया।



# अमेरिका में रहकर भी भारतीय संस्कृति से लगाव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स ने हिंदुत्व को लेकर हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है। आध्यात्मिक सोच के लिए भी दुनियाभर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। रॉबर्ट्स ने बताया कि उन्हें हिंदू धर्म से गहरी प्रेरणा मिली है और यही कारण है कि उन्होंने अपने बच्चों के नाम भी लक्ष्मी, गणेश और कृष्ण बलराम रखे हैं। जूलिया रॉबर्ट्स अमेरिका में जन्मी और पली-बढ़ी हैं, लेकिन भारत की आध्यात्मिक भूमि ने उन्हें हमेशा आकर्षित किया है। उन्होंने पहली बार हिंदू दर्शन से परिचय फिल्म 'ईट प्रे लव' की शूटिंग के दौरान भारत में कराया था। यहीं से उन्होंने हिंदू संस्कृति, पूजा-पाठ और ध्यान की विधियों को समझना शुरू किया। जूलिया रॉबर्ट्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि हिंदू धर्म ने मानवता को जो अमूल्य धरोहरें दी हैं- गीता, वेद, योग, ध्यान और आयुर्वेद।



# अवॉर्ड मिलने पर हुईं इमोशनल

**मुंबई।** फिल्म जिगरा आलिया भट्ट के दिल के बहुत करीब है। यह उनकी पहली एक्शन ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म में आलिया का उम्दा अभिनय और एक्शन दर्शकों ने देखा। शनिवार को फिल्म जिगरा के लिए ही आलिया भट्ट को फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वह अवॉर्ड फंक्शन में शामिल नहीं हो पाईं। लेकिन, आलिया ने एक स्पेशल पोस्ट इस अवॉर्ड और फिल्म 'जिगरा' की टीम के लिए की है। आलिया भट्ट अपनी पोस्ट में लिखती हैं, फिल्म 'जिगरा मेरे दिल के सबसे करीब रहेगी। सिर्फ उस कहानी के लिए नहीं, जो हमने सुनाई बल्कि उन बेहतरीन लोगों के लिए, जिन्होंने इसे यादगार बनाया। फिल्म के निर्देशक वसन बाला आपने इसे जिस तरह से बनाया है, उसके लिए । एक्टर वेदांग रैना और बाकी टीम ने जो ईमानदारी दिखाई, उसके लिए शुक्रिया।



# बच्चों के साथ की खूब सारी मस्ती...

**मुंबई।** फिल्म 'सैयारा' की कामयाबी के बाद अहान पांडे सुर्खियों में हैं। उनकी हर हरकत पर फैंस की नजर रहती है। फैंस उनकी तस्वीरों और वीडियो का इंतजार करते हैं। हाल ही में, अहान पांडे ने सीताराम मिल कंपाउंड मुंबई पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ कुछ वक्त गुजारा। स्कूल में अहान का दिन अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। बच्चों के साथ उनकी मुस्कुराते हुए और उनके साथ कक्षा में भाग लेते हुए तस्वीरें सामने आई हैं। अहान बच्चों के साथ मस्ती भरी बातें करते और तस्वीरें खिंचवाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह बच्चों के साथ जमीन पर बैठे हैं। उनके साथ चिल्लाते हैं और अपने हाथ से दिल बनाते हैं। उन्होंने कई बच्चों को अपना ऑटोग्राफ भी दिया है। सोशल मीडिया पर अहान की तस्वीरें और वीडियो आते ही फैंस ने लाइक करना और कमेंट करना शुरू कर दिया है।

## टीवी मसाला

# केबीसी के मंच पर बच्चे ने अमिताभ संग की बदतमीजी

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' हमेशा से ही दर्शकों का फेवरेट रहा है। इस शो का सीजन 17 भी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। इस क्विज शो से अब तक कई कंटेस्टेंट मालामाल होकर जा चुके हैं। हर बार की तरह इस बार के 'कौन बनेगा करोड़पति' के इस सीजन को ऑडियंस काफी पसंद कर रहे हैं। शो को और भी खास बनता है इसके होस्ट यानी महानायक अमिताभ बच्चन का खास अंदाज। कई कंटेस्टेंट तो पैसों से ज्यादा बिग बी की एक झलक पाने की चाह में आते हैं। ऐसे में शो का हालिया एपिसोड सुर्खियों में बना हुआ है। शो पर आए एक बच्चे की हरकत से बिग बी काफी खफा नजर आए। दरअसल, हालिया एपिसोड में 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के मंच पर गुजरात के छठी कक्षा के छात्र मयंक हॉट सीट पर बैठे। हॉट सीट तक पहुंचने को लेकर मयंक काफी एक्साइटेड दिखे। उनकी एक्साइटमेंट और उन्हें देखकर पहले तो लगता है कि वाकई में बच्चा काफी टैलेंटेड है। लेकिन जैसे-जैसे गेम शुरू होता है, उसके बात करने के तरीके से साफ पता चलता है कि वो अमिताभ बच्चन को कुछ समझ ही नहीं रहा है। अमिताभ बच्चन मयंक से पूछते हैं कि उन्हें कैसा लग रहा है तो इस पर मयंक ने कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। लेकिन हम सीधे पॉइंट पर आते हैं। आप मुझे गेम के नियम बताने मत बैठ जाना, क्योंकि मुझे सारे रूल्स के बारे में पता है।' ये सुनते ही बिग बी ने उसे बिना कुछ कहे मुस्कुरा दिया। इसे बाद वो हर सवाल का जवाब देने इस पर बच्चन साहब मुस्कुराकर आगे बढ़ जाते हैं और खेल की शुरुआत करते हैं। शुरुआत में बिग बी में जब बच्चे से सवाल करते हैं तो सवाल पूरा होने से पहले ही जवाब देने लगता है। ऐसे में एक-दो बार खुद महानायक उसकी इस हरकत को नजर अंदाज कर देते हैं। ऐसे में आखिर में उसका ओवरकॉन्फिडेंस उसे ले डूबता है। पांचवे प्रश्न पर आते ही वो आउट हो जाता है।



## सलमान की फटकार के बाद बदल सकता है कंटेस्टेंट का गेम



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को शुरू हुए डेढ़ महीने का समय हो चुका है। इस समय में ऑडियंस ने अपने फेवरिट कंटेस्टेंट को पसंद कर लिया है। सोशल मीडिया पर दोनों ग्रुप को लेकर पोस्ट वायरल हो रहे हैं। किसी को अमाल का गेम पसंद आ रहा है तो किसी को अभिषेक बजाज और अश्नूर की जोड़ी। कुछ ऐसे भी जो तान्या मित्तल की लक्जरी लाइफस्टाइल को पसंद कर रहे हैं। वहीं, उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। लेकिन, इस वीकेंड के वार पर सलमान खान ने तान्या समेत इन कई कंटेस्टेंट को फटकार लगाई है। कइयों को अपना गेम बदलने और सही दोस्त चुनने की सलाह दी है। ऐसे में उम्मीद है कि इस वीकेंड के वार के बाद कंटेस्टेंट का गेम बदलने वाला है। सलमान खान ने तान्या को जबरदस्त फटकार लगाई है। एक्टर ने कहा कि वो पहले दिन से ही क्लियर थीं कि उन्हें किसे दोस्त बनाना है और किसे नहीं।



# छोटे रोल से निराश हो गए थे सौरभ खत्म हो गई थी अभिनय में रुचि

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज के बाद से लेखक और अभिनेता सौरभ शुक्ला सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन के उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की जब उनकी अभिनय में रुचि लगभग खत्म होने लगी थी। उन्होंने बताया कि एक दौर ऐसा भी था जब उन्हें फिल्मों में केवल छोटे-मोटे रोल ही मिलते थे, जिससे वह निराश हो जाते थे। हालांकि 'बर्फी' की शूटिंग के दौरान वह रणबीर कपूर से मिले और उनको अभिनय में दोबारा मजा आने लगा। सौरभ शुक्ला ने अपने निराशाजनक दौर के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि जब 'बर्फी' के निर्देशक अनुराग बसु ने उनसे संपर्क किया तो उन्होंने लगभग फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया था। सौरभ ने कहा 'मैं रणबीर से बर्फी में मिला था। मैं उस समय बहुत ही निराशा के दौर से गुजर रहा था। लोग कहते थे, 'सौरभ, तुम बहुत अच्छे एक्टर हो' लेकिन जब रोल मिलते थे, तो हमेशा कैमियो होते थे।' सौरभ ने आगे कहा 'मैं वाकई संघर्ष कर रहा था। इसलिए, मैंने लोगों को बताना शुरू कर दिया कि मैं एक्टिंग नहीं करता। मैं एक लेखक हूं और मैंने फिल्में बनाई हैं। जब अनुराग ने मुझे यह फिल्म ऑफर की, तो मेरे पहले शब्द थे, 'अनुराग, अगर तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ है, तो मुझे फोन करो। इस पर अनुराग ने कहा 'सर, अगर मेरे पास आपके लिए कुछ नहीं होता, तो मैं आपको क्यों बुलाता?' उन्होंने मुझे वह फिल्म दी, जो वाकई कमाल की थी।' सौरभ ने आगे कहा "बर्फी" में मेरी मुलाकात रणबीर से हुई। वह बहुत आकर्षक, जवान, बातों और सपनों से भरा हुआ था। मुझे उसके साथ बैठकर बहुत अच्छा लगा। हम दोनों में एक-दूसरे के लिए सम्मान था। अभिनय करते हुए वह कुछ करता और मुझे उससे कुछ मिलता। इस तरह मेरी रुचि अभिनय में वापस आ गई। इसके बाद मैंने फिर से सोचना शुरू कर दिया कि हां, अभिनय एक बड़ा आनंद है।'

## लापता लेडीज ने झटकी 13 ट्रॉफियां

मुंबई। फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 के मंच पर पूरा बॉलीवुड नजर आया। इस खास शाम को शाहरुख खान ने अपनी एंकरिंग से खास बना दिया। साथ ही शाहरुख और काजोल की परफॉर्म भी चर्चा में रही। कई पुराने कलाकारों को नए कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस के जरिए ट्रिब्यूट दिया। अवॉर्ड नाइट में फिल्म 'लापता लेडीज' की धूम रही। कई कलाकार अवार्ड लेते हुए भावुक नजर आए। अवार्ड की सूची में यह नाम शामिल हैं- बेस्ट लीड मेल एक्टर: अभिषेक बच्चन और कार्तिक आर्यन, बेस्ट लीड एक्ट्रेस आलिया भट्ट, बेस्ट मेल एक्टर (क्रिटिक्स अवाड्र्स) राजकुमार राव, बेस्ट लीड एक्ट्रेस (क्रिटिक्स अवाड्र्स) , प्रतिभा रांटा, बेस्ट सपोर्टिंग फीमेल एक्ट्रेस छाया कदम (लापता लेडीज के लिए), बेस्ट सपोर्टिंग मेल एक्टर रवि किशन (लापता लेडीज के लिए), बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स अवाड्र्स), शूजित सरकार (आई वांट टू टॉक के लिए), बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 नितांशी गोयल, बेस्ट डेब्यू एक्टर (फिल्मफेयरअवॉर्ड 2025) : लक्ष्य बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर (फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025), कुणाल खेमू, आदित्य सुहास जंभाले, बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल अरिजीत सिंह (लापता लेडीज के लिए) मिली ट्राफी।

# ऐश्वर्या पर अभिषेक का इमोशनल बयान, छलक आए आंसू



**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन की फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' जिसने भी देखी, उसने उनके अभिनय की तारीफ की। आखिरकार, उन्हें पहली बार बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। जीत की ट्रॉफी थामे अभिषेक बच्चन ने जब मंच पर बोलना शुरू किया, तो उनकी आंखों में आंसू छलक आए। उसने स्पीच में पत्नी ऐश्वर्या राय का जिक्र किया और फिर ट्रॉफी अपने पिता अमिताभ बच्चन और बेटी आराध्या बच्चन को डेडिकेट कर दी। अभिषेक बच्चन अपनी जीत से अभिभूत थे। ट्रॉफी थामने के बाद उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने भरी आंखों से इमोशनल स्पीच दी, जिसने उनके हर एक चाहनेवाले को इमोशनल कर दिया। वे बोले, 'इस साल मुझे इंडस्ट्री में काम करते हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। मुझे याद नहीं कि मैंने कितनी बार इस अवॉर्ड की स्पीच के लिए प्रैक्टिस की है।' अभिषेक बच्चन ने आगे कहा, 'इसे जीतना मेरा सपना था और आज बहुत आभारी महसूस कर रहा हूं। परिवार के सामने अवॉर्ड मिलना, इसे और खास बनाता है।' अभिषेक ने आखिर में कहा, 'मैं यह अवॉर्ड तो खास लोगों को डेडिकेट करना चाहता हूं। यह फिल्म पिता और बेटी के बारे में है और मैं इसे अपने हीरो, मेरे पिता और अपने दूसरे हीरो, मेरी बेटी को डेडिकेट करना चाहता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद, मैं बता नहीं सकता, इसके मेरे लिए क्या मायने हैं।' अभिषेक ने फिर इमोशनल होते हुए पत्नी ऐश्वर्या राय और बेटी आराध्या बच्चन को याद किया। वे बोले, 'ऐश्वर्या और आराध्या से कहना चाहता हूं- मुझे बाहर जाने और सपनों को पूरा करने की अनुमति देने के लिए शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि यह अवॉर्ड जीतने के बाद, वे अपना त्याग समझ पा रहे हैं जिसकी वजह से मैं आज यहां खड़ा हूं।'

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/कार्यालय/रा.नि./क्यू./2025
कोनी/दिनांक 08.10.2025

1. सोमंत पाण्डेय पिता नंदकिशोर पाण्डेय 2. मिथलेश ताम्रकार 3. राजेश कुमार 4. रामनाथ पटेल 5. मनीष गढ़ेवाल 6. सर्व संबंधित पक्षकार 7. रामलाल ध्रुव

**विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत् सूचना पत्र।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नंबर 377/1 रकबा क्रमश: 0.2230 हे. के सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 17.10.25 को समय 11:00 से 5:00 बजे के किया जाना है अत: आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**कोनी**

**समक्ष नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं बत्तिना पदमजा रानी BATTINA PADMAJA RANI उम्र 65 वर्ष पति श्री बत्तिना काली प्रकाश राव निवासी-वार्ड नं. 45, हाउस नं. 45/656, नियर रामकृष्ण परमहंस गार्डन, बेसाईड रेलवे ट्रैक, हेमूनगर, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नं. 3089 9849 5285, का/की हूँ, जो कि शपथपूर्वक करता/करती हूँ :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का/की स्थायी निवासी हूँ जो सत्य एवं सही हैं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3089 9849 5285 में मेरा नाम बत्तिना पदमजा रानी BATTINA PADMAJA RANI दर्ज हैं। 3. यह कि मेरे पुत्र बत्तिना दिनेश BATTINA DINESH के द्वारा अपने नाम से पासपोर्ट क्रमांक H5565398 बनवाया गया था जिसमे मेरा नाम बतिना रानी BATINA RANI दर्ज हैं। 4. यह कि उक्त दोनो नाम बत्तिना पदमजा रानी BATTINA PADMAJA RANI एवं बतिना रानी BATINA RANI एक ही व्यक्ति का नाम होकर मेरा ही नाम हैं। 5. यह कि आगे मूझे बत्तिना पदमजा रानी BATTINA PADMAJA RANI के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढा जाये जिस बाबत यह शपथ पत्र नया पासपोर्ट बनवाने हेतु निष्पादित करता/करती हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं बत्तिना पदमजा रानी BATTINA PADMAJA RANI उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 में वर्णित तथ्य मेरी व्यक्तिगत ज्ञान एवं जानकारी से सत्य एवं सही है जिसे बिलासपुर में आज दिनांक 22/09/2025 को पढ़कर, सुनकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया/की।

शपथकर्ता

**समक्ष नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं बत्तिना दिनेश BATTINA DINESH उम्र 30 वर्ष पिता बत्तिना काली प्रकाश राव निवासी-वार्ड नं. 45, हाउस नं. 45/656, नियर रामकृष्ण परमहंस गार्डन, बेसाईड रेलवे ट्रैक, हेमूनगर, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नं. 4700 0335 0877, का/की हूँ, जो कि शपथपूर्वक करता/करती हूँ :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का/की स्थायी निवासी हूँ जो सत्य एवं सही हैं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4700 0335 0877 में मेरा नाम बत्तिना दिनेश BATTINA DINESH दर्ज हैं। 3. यह कि हमारे द्वारा अपने नाम से पासपोर्ट क्रमांक H5565398 बनवाया गया था जिसमे मेरा नाम बतिना दिनेश BATINA DINESH दर्ज हैं। 4. यह कि उक्त दोनो नाम बत्तिना दिनेश BATTINA DINESH एवं बतिना दिनेश BATINA DINESH एक ही व्यक्ति का नाम होकर मेरा ही नाम हैं। 5. यह कि आगे मूझे बत्तिना दिनेश BATTINA DINESH के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढा जाये जिस बाबत यह शपथ पत्र नया पासपोर्ट बनवाने हेतु निष्पादित करता/करती हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं बत्तिना दिनेश BATTINA DINESH उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 में वर्णित तथ्य मेरी व्यक्तिगत ज्ञान एवं जानकारी से सत्य एवं सही है जिसे बिलासपुर में आज दिनांक 22/09/2025 को पढ़कर, सुनकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया/की।

शपथकर्ता

**समक्ष नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं बत्तिना काली प्रकाश राव BATTINA KALI PRAKASH RAO उम्र 70 वर्ष पिता स्व. बत्तिना सीता रमैया निवासी-वार्ड नं. 45, हाउस नं. 45/656, नियर रामकृष्ण परमहंस गार्डन, बेसाईड रेलवे ट्रैक, हेमूनगर, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नं. 2067 8415 3090 का/की हूँ, जो कि शपथपूर्वक करता/करती हूँ :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का/की स्थायी निवासी हूँ जो सत्य एवं सही हैं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2067 8415 3090 में मेरा नाम बत्तिना काली प्रकाश राव BATTINA KALI PRAKASH RAO दर्ज हैं। 3. यह कि मेरे पुत्र बत्तिना दिनेश BATTINA DINESH के द्वारा अपने नाम से पासपोर्ट कमांक H5565398 बनवाया गया था जिसमे मेरा नाम बतिना काली प्रकाश राव BATINA KALI PRAKASH RAO दर्ज हैं। 4. यह कि उक्त दोनो नाम बत्तिना काली प्रकाश राव BATTINA KALI PRAKASH RAO एवं बतिना काली प्रकाश राव BATINA KALI PRAKASH RAO एक ही व्यक्ति का नाम होकर मेरा ही नाम हैं। 5. यह कि आगे मूझे बत्तिना काली प्रकाश राव BATTINA KALI PRAKASH RAO के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढा जाये जिस बाबत यह शपथ पत्र नया पासपोर्ट बनवाने हेतु निष्पादित करता/करती हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं बत्तिना काली प्रकाश राव BATTINA KALI PRAKASH RAO उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 में वर्णित तथ्य मेरी व्यक्तिगत ज्ञान एवं जानकारी से सत्य एवं सही है जिसे बिलासपुर में आज दिनांक 22/09/2025 को पढ़कर, सुनकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया/की।

शपथकर्ता

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आर्यन कश्यप पिता श्री विमल कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी तेलीपारा मेडिकल कांम्पलेक्स बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर के दादा स्व. सुंदरलाल कश्यप एवं दादी स्व. श्रीमति ताराबाई कश्यप थी। मेरे पक्षकार के दादा एवं दादी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा मंगला प.ह.नं. 00035 रा.नि.म. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में खसरा नंबर 324/1 325/1,326/1, 329/1 रकबा क्रमश: 0.0620, 0.0340, 0.047022, 0.1230, हेक्टेयर जो वर्तमान में श्रीमति नीता कश्यप, 324/5 325/9, 326/4, 329/4 रकबा क्रमश: 0.0610, 0.0350 0.0470, 0.1240, हेक्टेयर जो प्रीति कश्यप, 324/6, 325/10, 326/5, 329/5 रकबा क्रमश: 0.0610, 0.0350, 0.0470, 0.1240, हेक्टेयर जो नेहा वर्मा 324/3 325/7, 326/2, 329/2 रकबा क्रमश: 0.0610, 0.0350, 0.0470, 0.1240, हेक्टेयर जो अल्का कश्यप 324/4, 325/8, 326/3, 329/3 रकबा क्रमश: 0.0610 ,0.0350, 0.0470, 0.1240, हेक्टेयर जो बबीता कश्यप के नाम पर मेरे पक्षकार के जानकारी के बिना दर्ज किया गया है जबकि उपरोक्त भूमि मेरे पक्षकार की पैतृक होने से जन्म से अधिकार है। उक्त फर्जी अभिलिखीत खातेदारो द्वारा मेरे पक्षकार को हानि पहुंचाने के लिए भूमि के खरीद फरोख्त में लिप्त व्यक्तियों से विक्रय का सौदा किया जा रहा है जबकि मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमियों का स्वामी एवं आधिपत्यधारी है और विक्रय या अन्यथा अंतरण का मेरे पक्षकार के सहमति के बिना कोई अधिकार नही है।

अत: कोई भी व्यक्ति/संस्था/निकाय उक्त वर्णित भूमि को क्रय विक्रय या अन्यथा अंतरण सबंधी कोई भी संव्यवहार नही करे। इसके बाद भी कोई संव्यवहार किया जाता है तब वह प्रारंभत: शुन्यवत होकर अवैधानिक होगा। सो सूचना जाने।

दिनांक 12/10/2025

**ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता**
**शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास**
**बिलासपुर मो.नं. 83194-33844**

## खबर संक्षेप

### युवा कांग्रेस ने निकाली लालटेन यात्रा




**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी आंदोलन के तीसरे चरण के तहत 12 अक्टूबर को जिले में लालटेन यात्रा निकालकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह यात्रा दुर्गा चौक, पेंड्रा से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जनाक्रोश रैली के रूप में आगे बढ़ी। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के मार्गदर्शन में यह आंदोलन पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन शर्मा ने कहा कि राज्य में बिजली बिल हाफ योजना बंद होने के बाद से बिजली के बिलों में भारी वृद्धि हुई है। कार्यक्रम का नेतृत्व अमन शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने किया। साथ ही नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, पवन केशवानी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डीएवी के बच्चों ने लिया मैराथन में हिस्सा




**तखतपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द के द्वारा रन फॉर डीएवी मैराथन एवं विद्यालयीन राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा का आयोजन किया गया। मैराथन में कक्षा 6 से से 12 वीं तक के विद्यार्थी तीन समूहों में शामिल हुए । मैराथन का शुभारंभ मनहरण लाल कौशिक जनपद सदस्य एवं रामकुमार कौशिक सरपंच ग्राम पंचायत देवरीखुर्द ने हरी झंडी दिखाकर किया। विद्यालयीन राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा का क्रियान्वयन 12 अक्टूबर को किया गया।स्वच्छता ही सेवा कार्य की शुरुआत गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अतिथियों एवं संस्था प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की।

### भाजपा की टिफिन चौपाल में शामिल हुए कार्यकर्ता



**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किसान मोर्चा टिफिन चौपाल का आयोजन करने का दिशा निर्देश दिया गया था। इसी कड़ी में मुंगेली जिला किसान मोर्चा द्वारा किसान टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा मुंगेली रामधुन साहू ने दिया। मुख्य वक्ता के रूप में किसान मोर्चा जिला प्रभारी रिज़वान हक़ ने किसानों से संवाद कर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा किसान हित में चल रही योजनाओं के बारे मे बताया गया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा वीरेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा दुकालहा साहू, अनंत राम राजपूत, जंतराम साहू, रोशन साहू, बुधराम राजपूत,पुहूप राजपूत, आदि भाजपा कार्यकर्त्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

### दीपावली पास आते ही नजर आने लगी बच्चों की सुआ टोलियां

**पथरिया।** दीपावली से पहले सुआ नाचने की छत्तीसगढ़ी परंपरा है। युवतियां व छोटी बच्चियां भी



टोली बनाकर नगर के गली-मोहल्लों में घूम-घूम कर सुआ नृत्य कर रही हैं। इन दिनों ऐसा ही नजारा नगर व गांवों के गली-मोहल्लों में देखने को मिल रहा है। वहीं अब पहले की तरह नृत्य करने वाली टोलियों की संख्या कम हो गई है। पर अभी भी छोटी बच्चियां परंपरा का निर्वहन कर रही हैं। अलग-अलग छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत गाकर लोगों का मनोरंजन करने वाले बच्चों की खुशी देखते ही बन रही है। दीपावली त्योहार के चलते गांव में घर-घर सुआ नृत्य करने टोलियां पहुंच रही है। टोकरी में तोता (सुआ) रख इसके चारों ओर युवतियां नृत्य करती हैं। छत्तीसगढ़ में सुआ नृत्य की परंपरा बरसों से चली आ रही है। रविवार की शाम नगर के बस स्टैंड में बच्चियां सुआ नृत्य करती नजर आई।

### जमीन से पांच फीट उपर लटक रहा बिजली तार

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में विद्युत विभाग के



लापरवाही का खामियाजा नगर वासियों को भुगताना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सेमरचुवा पहुंच मार्ग अशोक पांडेय के घर समीप सड़क से बिजली के तार क्रास किया गया है जो बार बार टूट कर सड़क पर गिर जाता है जिनमें कई बार बाल बाल लोग बचे हैं। वहां पर जमीन से महज पांच फीट उपर तार झूल रहा है।

## संघ ने भारत को मजबूत बनाने में दिया अभूतपूर्व योगदान

# आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने किया पथसंचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष स्थापना दिवस पर नगर में रविवार को पथसंचलन किया गया। पथसंचलन रामसदन से प्रारंभ होकर मुसलमान पारा, पाठक पारा, गुरुद्वारा रोड, होलिका चौक, जनकपुर रोड, बजरंग नगर, पुराना बस स्टैंड होते हुए महाराणा प्रताप चौक से वापस रामसदन पहुँचा। पूरे मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और "भारत माता की जय" के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा।

रामसदन में पथ संचलन के उपरांत ध्वज वंदन एवं उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस अनुराग पांडेय ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में पवन साय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत को मजबूत बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। शिक्षा, संस्कृति और धर्म की रक्षा से लेकर राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने तथा तीन तलाक कानून समाप्त करने जैसे कार्यों में संघ की अहम भूमिका रही है। अध्यक्ष अनुराग पांडेय ने कहा कि संघ का स्वरूप अत्यंत विशाल है। देश के हर क्षेत्र में संघ के स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्रहित में कार्य कर रहे हैं। यह संगठन प्रेरणा और सेवा का प्रतीक है।कार्यक्रम में संयोजन खंड संघ चालक गली राम प्रजापति, संचालन जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख गुहा राम सारथी। आभार खंड कार्यवाह सुशील कुमार सिंगरौल खंड संपर्क प्रमुख ने किया इस अवसर पर कृष्ण मूर्ति बांधी पूर्व स्वास्थ्य मंत्री, हर्षिता पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग, राजू सिंह क्षत्रिय पूर्व विधायकभाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, संतोष कौशिक जिला उपाध्यक्ष भाजपा, जीवन पांडेय, प्रदीप कौशिक, राकेश तिवारी जनपद उपाध्यक्ष, भारती माली जिला पंचायत सभापति, अंबिका साहू जिला पंचायत सभापति, नूरीता कौशिक, कृष्ण कुमार साहू, रामचंद्र यादव, दिलीप तोलानी, डॉ निलय तिवारी, अजय यादव,सरजू यादव संतोष कश्यप,अनिरुद्ध द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू, दिनेश साहू, रवि मेहर, विनोद यादव, कृष्ण कुमार साहू, अशोक ठाकुर दिनेश राजपूत, नूरीता कौशिक, रमेश प्रधान ईश्वर देवांगन, अंकित अग्रवाल सुरेश देवांगन, कोमल सिंह, मालती यादव,, श्यामा रामा नंदी, प्रतिभा देवांगन, रजनी देवांगन, लता कश्यप, क्षिप्रा सैमुएल, सीमा श्रीवास लक्ष्मी पांडे, टीकम कौशिक, राघवेंद्र पांडे, राकेश तिवारी, हेमचंद कौशिक, आयुष ठाकुर ,लव पांडे, तिलक देवांगन, अजय यादव, सरजू यादव, उतरा कश्यप, रामनाथ निर्मलकर, शैलेंद्र कौशिक सहित अन्य शामिल रहे।

## संघ के स्वयंसेवकों ने दिया अनुशासन, एकता और देशभक्ति का संदेश

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शनिवार को शहर में पथसंचलन किया गया। संघ के स्वयंसेवकों ने परंपरागत गणवेश में कदम से कदम मिलाकर अनुशासन, एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। घोष की थाप में नगर के विभिन्न बस्तियों और समाज प्रमुख, गणमान्यजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन प्रांत कार्यवाह, छत्तीसगढ़ प्रांत, विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित कई पदाधिकारी और सामाजिक संगठन के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पथ संचलन की शुरुआत रेस्ट हाउस दाऊपारा सहित मुंगेली के चार अन्य स्थानों से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों दाऊपारा, सिटी कोतवाली, माता परमेश्वरी



चौक, मानस भवन, कृषि उपज मंडी, नया बस स्टैंड, रामगढ़, बड़ा बाजार, गोल बाजार, शहीद हेमू कॉलोनी चौक, शंकर मंदिर, मल्लाह पारा, कुम्हार पारा, विनोबा नगर, काली माई वार्ड होते हुए लोरमी बाईपास पड़ाव चौक तक निकाला गया। हर चौक-चौराहे पर नागरिकों, माता बहनों, सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

मुख्य वक्ता के रूप में विशेष रूप से पधारे हुए चंद्रशेखर देवांगन ने नगर के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के शताब्दी वर्ष में पूर्ण रूप से सहभागी बने पांच परिवर्तन जिसमें सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण कुटुंब प्रबोधन विश्व के आधार पर जीवन रचना और नागरिक कर्तव्य बोध के संबंध में अपना व्यवहार करने का आह्वान किया। एक साथ कदम कदम कदम से कदम मिलाकर चलने और एक लक्ष्य से कार्यक्रम के माध्यम से नगर को संगठित रहने का संदेश दिया बस्तियों में लगने वाली शाखा तथा अनेक कार्यक्रमों में सहभागिता का आह्वान किया हर घर से स्वयंसेवक बनने की अपील की और आने वाले वर्ष भर द्वारा प्रायोजित साथ कार्यक्रमों में प्रत्यक्ष भूमिका में रहने का संदेश दिया गांव गांव में शाखा लगाने प्रत्येक हिंदू परिवारों को संघ से जुड़ने का आह्वान किया। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता की।

## मोपका की आनिया ने राष्ट्रीय मंच पर बिखेरा नृत्य का जादू

**मोपका।** नृत्य की दुनिया में बिलासपुर की प्रतिभा एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर चमकी है। रंग मंदिर रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया डांसर संगठन के 18वें नटवर गोपी कृष्ण अवार्ड एवं अखिल भारतीय नत्य प्रतियोगिता में मोपका निवासी देवेंद्र कुमार निर्णेजक की पुत्री नृत्यांगना आनिया निर्णेजक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भरतनाट्यम जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 340 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागयों ने भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनी अट्टम और लोक नृत्य जैसे नृत्य प्रारूपों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत बिलासपुर के नित्यार्थिकलक्षेत्रम समूह की भरतनाट्यम प्रस्तुति हुई जिसका नेतृत्व प्रसिद्ध नृत्य गुरु सुमी पिल्लाई ने किया। समूह की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में पारंपरिक सौंदर्य और लय का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।



## शिक्षा गुणवत्ता की जांच करने की गई सोशल ऑडिट

**सीपत।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत मस्तूरी की शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल में गुरुवार को सामाजिक अंकेक्षण का प्रथम चरण संपन्न हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन के दिशा-निर्देश एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूरज क्षत्री के मार्गदर्शन में आयोजित इस अंकेक्षण में विद्यालय की समग्र गुणवत्ता का मूल्यांकन 20 निर्धारित बिंदुओं पर किया गया। इनमें अनुलग्नक, संकेतक, लर्निंग आउटकम, पाठ्यवस्तु, मध्यान्ह भोजन, एफएलएन, प्रशिक्षण, ईको-प्ले, टीएलएम जैसे प्रमुख आयाम शामिल रहे। अंकेक्षण टीम लीडर के रूप में प्राथमिक एवं पूमा शाला झलमला की प्रधान पाठक मनीषा गौतम यादव ने अपनी टीम के साथ विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया, और शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष मूल्यांकन किया। टीम में ललिता साहू, एसएमसी सदस्य, पालक एवं शिक्षक शामिल रहे।



कार्यक्रम में ईश्वरी साहू, आकांक्षा केवट, प्रधान पाठक रामकिशुन सूर्यवंशी, संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पाण्डेय, मोहन लाल बघेल, अशोक टोप्पो, कमलेश कुर्रे, सुनील गौरहा, इंद्रभूषण सिंह कौशिक, शिक्षाविद, पालक व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और पालकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के अंकेक्षण शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करेंगे।

## बैस को नेपाल की संस्था ने दिया शिक्षक रत्न

**बोदरी।** बिलासपुर के सुरेश सिंह बैस को भाषा, साहित्य, संस्कृति और समाज सेवा के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की क्रियाशील शब्द प्रतिभा बहुद्देशीय फाऊंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय काव्या स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था ने उत्कृष्ट कविता के आधार पर जिले के साहित्यकार सुरेश सिंह बैस को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान प्रदान किया है। ज्ञात हो, नेपाल-भारत मैत्री, सामाजिक तथा सांस्कृतिक पर्यटन विकास, हिंदी भाषा साहित्य के प्रचार-प्रसार, शिक्षक तथा साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कविता प्रतियोगिता में 2 हजार 143 रचनाकारों ने सहभागिता की, जिसमें श्री बैस की रचना को उत्कृष्ट पाया गया और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ क्षेत्र में सक्रिय सुरेश सिंह बैस साहित्यकार और समाज सेवी हैं। इनकी रचनाएं देश विदेश की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं एवं इन्हें साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए अनेक प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। अगले माह में नेपाल के शहर नेपालगंज में संस्था की ओर से एक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें शामिल होने श्री बैस को आमंत्रित किया गया है।



## किसान मोर्चा ने टिफिन भोज का आयोजन कर की संगोष्ठी



**गौरेला।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के आवाह्न पर जिले में किसानों के बीच टिफिन भोज एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। गौरेला जिला भाजपा कार्यालय में किसान टिफिन भोज एवं संगोष्ठी का आयोजन भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्जलवित कर किया गया इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने किसानों से केंद्र एवं राज्य सरकार से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने सभी किसानों से अधिक से धान खरीदी के पूर्व अधिक एग्रीटेक में रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही और किसानों से जुड़ी समस्याओं के बारे में वार्तालाप किया।

## संस्कृति को बोलचाल की भाषा बनाने पर चर्चा



**मुंगेली।** पीएमश्री बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित मासिक अभ्यास वर्ग रखा गया। जिसमें संस्कृत बोलने तथा संस्कृति को बोलचाल की भाषा कैसे बनाई जाएं इसके बारे में विशेष चर्चा हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत संपर्क प्रमुख संस्कृत भारती दामोदर सनी, विशिष्ट अतिथि वशिष्ठ सिंह ठाकुर, बिलासपुर विभाग संयोजक संदीप कुमार पटेल, कवर्धा जिला संयोजक रविंद्र चंद्रवंशी, व्याख्याता मोहन उपाध्याय, व्याख्याता रूद्र बंजारा, जनपद संयोजक डॉ रामबाबू मिश्र, भगिनी नाम श्रीयांशी पाण्डेय, रिद्धिमा सिंह परिहार, देवांशी पाण्डेय, आलोक सोनकर, सुबिज्ञ सिंह ठाकुर, कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा पर चर्चा खेल तथा गीत के माध्यम से संस्कृत की विशेषता को बताया गया। अंत में जनपद संयोजक डॉ. रामबाबू मिश्र ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और आज की बैठक संपन्न हुई।

## बैडमिंटन स्पर्धा के एकल वर्ग में नागेन्द्र बने विजेता



**पेंड्रा।** शिक्षक मैत्री समूह के तत्वावधान में विभागीय बैडमिंटन कप का आयोजन 11 से 12 अक्टूबर तक जनपद स्कूल बैडमिंटन सभागार पेंड्रा में किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विभागों पुलिस, शिक्षा, राजस्व, वन, सेना, अनुसंधान, खाद्य, स्वास्थ्य आदि के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में एकल वर्ग में नागेंद्र सिंह (शिक्षा विभाग) ने विजेता बने।

राजेंद्र वासुदेव (अनुसंधान विभाग) उपविजेता रहे। वहीं युगल वर्ग में नागेंद्र सिंह और मनीष पटेल (शिक्षा विभाग) की जोड़ी ने विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि लखन काछी (सेना) और अखिलेश दोहरे (शिक्षा विभाग) की जोड़ी उपविजेता रही। विशेष पुरस्कारों में वनमाली वासुदेव (शिक्षा विभाग) को सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी तथा जितेंद्र वासुदेव (खाद्य विभाग) को सबसे युवा खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, मुकेश दुबे, शरद गुप्ता, पवन सुल्तानिया, राकेश चतुर्वेदी, नीरज जैन, रजनीश तिवारी, दीपक मिश्रा, शरद अग्रवाल एवं विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मैत्री समूह जीपीएम द्वारा किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अंबुज मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति सदस्य जितेंद्र जायसवाल, मनीष पटेल, विनोद तिग्गा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए जांगिड़

**मुंगेली।** छत्तीसगढ प्रभारी विजय जांगिड़ जिले के प्रवास पर रहे। उन्होने वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के बारे में आम जनता एवं व्यापारियों को समझाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी फार्म में हस्ताक्षर कराया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बडी संख्या में मौजूद रहें।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पड़ाव चौक से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। जिसमें विजय जांगिड़ और जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान श्री जांगिड ने कहा कि हमारे मुखिया का दिया गया नारा सही साबित होगा। घनश्याम वर्मा ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान आगे भी चलता रहेगा। पूरे जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आने वाले बिहार चुनाव में जनता वोट चोरो को अपना जवाब देगी। इस अवसर पर थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, रोहित शुक्ला, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, कौशल सिंह क्षत्रिय, अभिलास सिंह, सजय जायसवाल, सागर सोलंकी, सूरज यादव, कुलदीप पाटले, श्रवण सोनकर, इंद्रजीत कुर्रे, अरसद खोखर, संजय ठाकुर, राजा ठाकुर, लक्की गर्ग, विष्णु खाण्डे, राम तलरेजा, महेंद्र यादव, लोकराम साहू, अरविंद वैष्णव, दीपक गुप्ता, उर्मिला यादव, अनीता विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहें।



### सीपत में डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान आज

**सीपत।** कांग्रेस पार्टी के हस्ताक्षर अभियान के तहत मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत द्वारा 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में कांग्रेस के सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ सहप्रभारी विजय जांगिड़ शामिल होकर नवाडीह चौक पर से डोर-टू-डोर हस्ताक्षर अभियान में शामिल होंगे।



## जो मनुष्य किसी अच्छे काम में लगा होता है उसका अंत बुरा नहीं होता

**बिल्हा।** रानी सती मंदिर भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन व्यासपीठ जगद्गुरु स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने विष्णु के वामन अवतार की कथा सुनाई। कृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया।



व्यासपीठ से स्वामीजी ने कहा कि हमारे संत महात्मा ऋषिगण कहते हैं कि भाग्यशाली लोग वो होते हैं जो अपने भगवान के उत्सवों में सम्मिलित होते हैं। उनके अमंगलों का नाश होता है। ह्रदय से भाव से प्रेम से श्रद्धा से जो लोग भगवान का उत्सव अपना समझते हैं उन लोगों के जीवन में कभी अमंगल नहीं आ सकता। कई लोगों को लगता है कि हमारे जीवन में ये दुःख क्यों आते हैं। तुम्हारा मंगल किसमें है ये तुमसे अच्छा वो जनता है। स्वामीजी ने बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु के दशावतारो में पांचवां अवतार और मानव रूप में अवतार था। जिसमें भगवान विष्णु ने एक वामन के रूप में इंद्र की रक्षा के लिए धरती पर अवतार लिया। श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर भगवान कृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया जाएगा। कथा के मुख्य यजमान केजू प्रसाद शर्मा, उत्तरा देवी शर्मा हैं।

## खैरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम खैरा सेतगंगा में स्व डॉ रतनलाल शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर सुनीता रामजी शर्मा के निवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रध्दा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। प्रयागराज से आए कथावाचक आहेविलप्रपन्नाचार्य ने श्रध्दालुओ को श्रीकृष्ण की लीलाओं और दिव्य प्रसंगों से अवगत कराया।



श्री प्रपन्नाचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाहों की कथा का प्रसंग, सुदामा चरित्र, कंशवध कथा राजा परिक्षित के मोक्ष की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि, जीवन में अनेक संबंध से उत्पन्न दुखी मन के शांति के लिए निस्वार्थ मित्रता का निष्कपट संबंध स्थापित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि, भगवान का भजन ही जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होने आगे कहा कि, भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से जीव का कल्याण होता है। इसे करवाने वाले भी पुण्य के भागी बनते हैं। उन्होंने कहा कि, सुदामा के पास भले ही भौतिक संपदा न थी, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण नाम का अमूल्य धन उनके पास था। उन्होंने कभी भी किसी से कुछ भी नही मांगा, लेकिन पत्नि सुशिला के आग्रह पर जब वे अपने मित्र से मिलने द्वारिका पहुंचे तो भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें समृध्दि से नवाजा। यह प्रसंग भक्ति, मित्रता और समनता का अनुपम उदाहरण है। इसी तरह कथावाचक ने अन्य कथाओं का भी वर्णन किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए कृष्णा रामकुमार शर्मा, संतोषी रामलोचन शर्मा, लता शर्मा, सुनीता डॉ रामजी शर्मा, प्रमोद शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, डॉ. गोपीकिशन तिवारी, योगेश शर्मा, डॉ, दिपांशु शर्मा, ओम शर्मा, गणपत शर्मा, विनय दुबे, नारायण शर्मा, महेश शर्मा, रामकिशुन शर्मा, रमेश शर्मा ब्रुशी शर्मा, लुशी शर्मा, आयु शर्मा, रूद्र शर्मा, खुशी शर्मा सहित पूरे परिवार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### एक शाम किशोर के नाम कार्यक्रम आज

**पेण्ड्रा।** जीपीएम जिले में पहली बार जिला कला एवं संरक्षण मंच के द्वारा गायक किशोर कुमार की याद में उनकी पुण्य तिथि पर 13 अक्टूबर को असेंबली हाल, मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल पेण्ड्रा में शाम 7 बजे से ₹एक शाम किशोर के नाम₹ स्वर संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रोताओं को जिले की प्रतिभाओं से परिचित होने एवं किशोर कुमार के गाने सुनने का अवसर मिलेगा।

## निधन

### नीला माधव कस्तुरे



**बिलसपुर।** गंगा नगर सेक्टर 2, मंगला निवासी नीला माधव कस्तुरे का 12 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 84 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 13 अक्टूबर सोमवार सुबह 10.30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे राजीव कस्तुरे, संजय कस्तुरे व प्रवीण कस्तुरे की माता थीं।

### साहिल सोनकर



**बिलासपुर।** संजय हाइट्स, राजस्व कॉलोनी,सरकंडा निवासी साहिल सोनकर का 12 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 19 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 13 अक्टूबर को उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संतोष सोनकर के पुत्र थे।

### प्रेम आनंद चौहान



**बिलासपुर।** तखतपुर मुंगेली नवागढ़ राज अचानकपुर (छिरहा) गांव निवासी प्रेम आनंद चौहान का 12 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 47 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम में किया गया। वे राहुल चौहान, गुलशन चौहान के पिता थे।

## खबर संक्षेप

### घरवाले सोते रहे चोर ले उड़े जेवर व मोबाइल

**बिलासपुर।** घरवाले सोते रह गए और चोर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर व मोबाइल चोरी कर भाग गए और उन्हें भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, सांधीपारा निवासी रामेश्वर श्रीवास पिता मयाराम श्रीवास 10 अक्टूबर को रात 8 बजे खाना खाने के बाद सो गए। देर रात चोर ने उनके घर में घुसकर मोबाइल, पायल, सोने का मंगलसूत्र, 5 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया। रात 2.30 बजे नींद खुलने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस ने घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छात्रा से अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल में दोस्ती कर छात्रा से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही एक छात्रा का फरवरी 2025 में सोशल मीडिया के माध्यम से सूरजपुर मानपुर निवासी साजिद अहमद पिता मुस्ताक अहमद 25 साल से दोस्ती हुई। दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। इसी बीच युवक युवती को अपने किराए के मकान में लेकर गया और शादी करने का आश्वासन देकर अनाचार कर अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार दैहिक शोषण करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। उसके अत्याचार से त्रस्त होकर पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। उसके बाद मां अपने बेटी थाने आकर रिपोर्ट लिखाई।

### एलएचबी कोच से चलेगी अंबिकापुर एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** नार्मल कोच से चलने वाली जबलपुर से अंबिकापुर एक्सप्रेस को एलएचबी कोच से चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे ने गाड़ियों में पुराने पारंपरिक कोच के स्थान पर नई तकनीक से निर्मित लिंक हॉफमैन बुश एलएचबी कोच लगाना शुरु कर दिया है, जो अधिक सुरक्षित, आरामदायक व उच्च गति के अनुरुप है। इसके तहत गाड़ी संख्या 11265/11266 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस में 9 से और अंबिकापुर-जबलपुर में 10 अक्टूबर से एलएचबी कोच लगाकर परिचालन किया जा रहा है।

**लोग हलाकान**

24 घंटे ड्यूटी का प्रावधान, फिर भी ठेकेदारों की मनमानी हावी

# फ्यूज कॉल में सुनी नहीं जा रही फरियाद, एंगेज रहता है फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली बंद की समस्या आम है, लेकिन इससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। फ्यूज कॉल सेंटरों में लोगों की फरियाद नहीं सुनी जा रही है। हालत यह है कि रविवार को फ्यूजकॉल सेंटर खाली रहा, वहीं कुछ जगहों पर फोन का रिसीवर ही उठाकर रख दिया गया।

विद्युत विभाग ने लोगों की सुविधा और शिकायत के लिए फ्यूज कॉल सेंटरों की स्थापना की है, लेकिन यह लोगों को असुविधा दे रहा है। ठेकेदारों के अनुबंध में 24 घंटे कर्मचारी तैनात होने की बात लिखी है, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए महज 12 घंटे ही कर्मचारी काम कर रहे हैं। सरकंडा, नेहरू नगर, गोल बाजार, सिरगिट्टी, लिंक रोड व राजकिशोर नगर के फ्यूज कॉल की शिकायत रोजाना अधिकारियों के पास पहुंचती है, लेकिन ठेकेदारों के दबाव में अधिकारी एक्शन लेने से डरते हैं और परेशानी आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि गोलबाजार जोन में सुबह कुछ लोग बिजली बंद की शिकायत करने पहुंचे, लेकिन यहां कर्मचारी मौजूद नहीं था। वहीं फोन का रिसीव भी जानबूझकर उठाकर रखा गया था। ऐसा ही पीजीबीटी कालेज के पास स्थित लिंक रोड फ्यूज कॉल का रहा है, जहां कर्मचारी आराम फरमाते रहे और फोन की घंटी लगाने के बावजूद बंद रही। ज्यादातर फ्यूजकॉल में 3 शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जानी है लेकिन ठेकेदारों द्वारा 2 शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाती है। यहीं कारण है कि फ्यूज कॉल में भर्राशाही बनी हुई है।


पीजीबीटी फ्यूज कॉल सेंटर में आराम फरमाता कर्मचारी।


श्याम टाकीज फ्यूज कॉल सेंटर से कर्मचारी नदारद।

### रजिस्टर में नहीं होती है एंट्री

फ्यूज कॉल में हर शिकायत लिखी जानी होती है, लेकिन आपरेटरों के द्वारा दिन भर में 10 शिकायतों को भी दर्ज नहीं की जाती है। हाल यह है कि कुछ फ्यूज कॉल सेंटरों में रजिस्टर तक गायब है। इस बारे में पुछने पर कर्मचारी लोगों से ही हुज्जतबाजी करने लगते हैं। कुछ साल तक जेई और एई को फ्यूज कॉल सेंटरों की रूटिन में जांच करने का आदेश दिया गया था, लेकिन अधिकारियों के बदलते ही अव्यवस्था बढ़ चुकी है।

### व्यापमं की परीक्षा ने रोकी मेंटनेंस की राह

बिजली विभाग द्वारा इन दिनों मेंटनेंस किया जा रहा है। शेड्यूल के अनुसार रविवार को भी शहर के कई इलाकों में बिजली बंद कर मरम्मत और निर्माण कार्य किया जाना था, लेकिन रविवार को व्यापम की परीक्षा होने के कारण मेंटनेंस पर ब्रेक लगा दिया गया अब सोमवार से एक बार फिर शहरीय इलाकों में मेंटनेंस किया जाएगा। 33 व 11 केवी सबस्टेशनों में सुधार और मरम्मत कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए विभाग द्वारा 15 दिनों से शेड्यूल अनुसार कार्य किया जा रहा है। रविवार को सुबह 10 से 2 बजे तक सरकंडा क्षेत्र के मुक्तिधाम सबस्टेशन की सप्लाई बंद की जानी थी, लेकिन व्यापम की परीक्षा के चलते काम रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि अब आगामी दिनों में फिर से शेड्यूल तैयार कर मेंटनेंस किया जाएगा। सोमवार को नेहरू नगर जोन कार्यालय द्वारा उस्लापुर सबस्टेशन के अंतर्गत दीनदयाल कालोनी, अभिषेक विहार, व्हाट सोनिया कालोनी सहित अन्य आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। खास बात यह है कि भले बिजली विभाग ने बंद नहीं किया लेकिन दयालबंद क्षेत्र के कतियापारा, टिकरापारा क्षेत्र में शाम होते ही बिजली सप्लाई ठप रही, इस दौरान लोगों को खासी दिक्कते झेलनी पड़ी।

एक रिवाल्वर, पिस्टल, एयरगन, चाकू, बेसबाल स्टिक, बाइक जब्त

# सोशल मीडिया में रिवाल्वर लहराते वीडियो वायरल कर दहशतगर्दी मचाने वाले 7 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोशल मीडिया में रिवाल्वर लहराते वीडियो वायरल कर अपने आपको डान बताकर दहशतगर्दी मचाने वाले 7 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक रिवाल्वर, एक पिस्टल, एयरगन, चाकू, बेसबाल स्टिक, बाइक जब्त की गई है।

दो दिन पूर्व शिवम मिश्रा का रिवाल्वर लहराते हुए अपने आपको डान बताकर दहशतगर्दी मचाते वीडियो वायरल हुआ था। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए इस तरह के वीडियों वायरल करने वाले गुण्डे बदमाशों पर सख्ती से कार्रवाई करने आदेश दिया। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने विशेष टीम बनाकर गुण्डे बदमाशों की सरगर्मी से तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से बदमाशों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।
पुलिस ने बनारस से ट्रैक करते हुए रतनपुर क्षेत्र में घेराबंदी कर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक रिवाल्वर, एक एयरगन, एक चाकू, एक बेसबाल, स्टिक व एक बाइक जब्त की गई है।



दहशतगर्दी मचाने वाले आरोपी पुलिस हिरासत में ।


आरोपियों से जब्त हथियार।

### गुंडागर्दी पाप है, पुलिस हमारी बाप है



पुलिस ने जिस क्षेत्र में दहशतगर्दी मचाते थे, वहां पकड़े गए बदमाशों का पैदल जुलूस निकाला गया। बदमाश गुंडागर्दी पाप है, पुलिस हमारी बाप है कहते जा रहे थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

### पकड़े गए आरोपी

- शिवम मिश्रा उर्फ अभिषेक पिता हरिश्चंद्र मिश्रा 28 साल महामाया पार्क मंगला
- रितेश उर्फ लूटू पाण्डेय पिता विनय पाण्डेय 32 साल चिंगराजपारा गणेश चौक
- शंभू यादव पिता चंदू यादव 27 साल जरहाभाठा कुम्हारपारा राजीव गांधी चौक
- लक्की यादव पिता अमरदीप यादव 19 साल घुरू अमेरी
- शैलेष चौबे पिता स्व. गुलाब चौबे 38 साल भिखारीपुर बनारस चितईपुर यूपी
- अविनाश बोरकर पिता बसंत बोरकर 32 साल मगरपारा
- सुमित महाजन पिता गोपाल महाजन 35 साल चंदन आवास राजकिशोर नगर सरकण्डा

### दो बदमाश पिस्टल के साथ पकड़े गए

पुलिस ने गुण्डा बदमाश लुट्टू पाण्डेय से पूछताछ करने के बाद रविवार की शाम सिविल लाइन क्षेत्र में दबिश देकर उसके अन्य दो साथियों को पकड़कर एक पिस्टल बरामद किया गया है। सिविल लाइन पुलिस ने पिस्टल जब्त कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

### इतने मामले हैं दर्ज

आरोपी लुट्टू पाण्डेय, लक्की यादव, शंभु यादव, शिवम मिश्रा के खिलाफ जिले में अपराध क्रमांक 1100/25, धारा 296, 332, 324, 4, 351, 2, 191, 2, अपराध क्रमांक 1199/25 धारा 296, 115, 2, 351, 2, 3, 5, 49, 111, 25, 27 आर्म्स एक्ट, अपराध क्रमांक 1227/25 धारा, 21, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट। आरोपियों के द्वारा घर में घुसकर मारपीट करना, चाकू से हमला, नशे के कारोबार में संलिप्त रहना एवं संगठित तरीके से दशहत फैलाने जैसे अपराध किए गए हैं।

### बदमाशों की संपत्ति की होगी जांच

सीएसपी श्री परिहार ने बताया, पकड़े गए आरोपियों, उनके परिजनों एवं गिरोह के अन्य सदस्यों द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की पहचान करने के बाद जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है और उन्हें भी कानून की दायरे में लाया जाएगा।

### डॉन बनने से जिंदगी जेल में कटेगी

ऐसे लोग ध्यान रखें जिन्हें गुंडागर्दी का शौक है। वे गुण्डागर्दी छोड़कर परिश्रम कर कामकाज में अपने आपको लगाएं और अपने परिवार के लिए महत्वपूर्ण बनें और समाज के लिए काम आएं। ऐसे गुंडागर्दी करने से और डॉन बनने से जिंदगी जेल में कट सकती है और जिंदगी बेकार चली जाएगी।

-रजनेश सिंह, एसएसपी

### रेलवे ने की पुराने पेंडिंग मामलों की 3312 फाइलों की छंटाई

**बिलासपुर।** रेलवे ने 8911 भौतिक फाइलों की समीक्षा करने के उपरांत पुराने पेंडिंग मामलों की 3312 फाइलों की छंटाई कर दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 1 से 31 अक्टूबर तक स्पेशल कैम्पगैन 5.0 फार डिस्पोजल आफ पेंडिंग मैटर्स एससीडीपीएम 5.0 अंतर्गत स्वच्छता एवं साफ सफाई आधारित विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अब तक 8911 भौतिक फाइलों की समीक्षा की गई, जिसमें से 6467 फाइलों की छंटाई एवं 3312 फाइलों को हटाया गया। 2742 ई-फाइलों की समक्षा करने के उपरांत 72 ई-फाइलों को बंद किया गया है। इसके अलावा स्वच्छता गतिविधियों के अंतर्गत 51 स्थानों एवं 125 कार्यालयों की सफाई, कार्यालयों से 1095 किलोग्राम स्क्रैप का निस्तारण कर 626 वर्गफुट क्षेत्र को खाली कराया गया। 34 स्टेशन एवं रेल परिसर पर अभियान में ई वेस्ट निस्तारण अंतर्गत 290 उपकरणों जैसे डेस्कटॉप, मानिटर, प्रिंटर आदि का सुरक्षित निपटान, कार्यालयों और परिसर की सफाई के अलावा दस्तावेज प्रबंधन के प्रयास किए जा रहे हैं।

### खोले जाएंगे यात्री सुविधा केंद्र

रेलवे जोन के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधा केन्द्र खोले जाएंगे, जहां टिकिट काउंटर के अलावा अन्य सुविधाएं दी जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड ने मेट्रो रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधा केन्द्र स्थापित करना शुरु कर दिया है। इसकी प्रमुख विशेषता है कि इसमें 22 आधुनिक टिकिट काउंटर, 25 स्वचलित टिकिट वेंडिंग मशीनें, 200 यात्रियों के बैठने की क्षमता और शीतलना के लिए 18 उच्च मात्रा निम्न गति के पंखे, 650 वर्ग मीटर में निर्मित एक समर्पित शौचालय ब्लॉक के साथ ही आरओ आधारित पेयजल, 24 स्पीकरों के साथ एक यात्री घोषणा प्रणाली, तीन एलईडी इलेक्ट्रानिक ट्रेन सूचना डिस्प्ले और आधुनिक अग्निशमन प्रणाली की सात इकाईयां, 18 सीसीटीवी कैमरे, पांच सामान स्कैनर और पांच डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर सहित अत्याधुनिक सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

### स्वच्छ आहार दिवस पर स्टॉलों की जांच

**बिलासपुर।** रेलवे में स्वच्छ आहार दिवस थीम पर मंडल अंतर्गत सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन पर स्थित कैंटीन, खाद्य स्टॉलों में स्वच्छता, खाद्य गुणवत्ता एवं समुचित सफाई की गहन जांच की गई। मंडल के नामित अधिकारियों एवं वाणिज्य विभाग पर्यवेक्षकों ने बिलासपुर, उसलापुर, कोरबा, ब्रजराजनगर, रायगढ़, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, पेण्ड्रारोड सहित प्रमुख स्टेशन पर संचालित स्टालों का निरीक्षण किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# ओपनिंग से पहले ही धंसने लगा उसलापुर स्टेशन का प्लेटफार्म

इस माह होना है वर्चुअल उद्घाटन, लेकिन काम अब तक पूरा नहीं


उसलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर लगी टाइल्स टूटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अक्टूबर माह के अंत तक उसलापुर रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन कार्यों की वर्चुअल ओपनिंग की जानी है, लेकिन ओपनिंग से पहले ही स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर लगाए गए टाइल्स टूट गई है, इसे सुधारा जा रहा है।

उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में रेलवे स्टेशन के बाहर की दीवार के सामने एसीपी प्लाई लगाकर आकर्षक लाइटें लगाने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नई टाइल्स लगाने, स्टेशन के सामने छोटा सा गार्डन, कार की नई पार्किंग, मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई बढाने का काम करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। इन सबके बावजूद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का काफी अभाव है, जिसके कारण यात्री काफी परेशान भी हो रहे हैं। रेल मंडल के अधिकारियों ने निरीक्षण करने के दौरान अक्टूबर माह में देश के दूसरे रेलवे स्टेशन के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे उसलापुर स्टेशन की भी ओपनिंग का आदेश मिलने के उपरांत जल्द काम पूरा करने आदेशित किया था। अब तक स्टेशन में प्लेटफार्म नम्बर एक बिलासपुर छोर पर स्थित टायलेट का रिनोवेशन कार्य, बीबीएस टायलेट के सामने फर्श लगाने का कार्य, पार्सल कार्यालय का कार्य, वाटर स्टीव बूथ का इंस्टालेशन कार्य, प्लेटफार्म नम्बर एक के अक्षिता और आरपीएफ कार्यालय के सामने की दीवार के मरम्मत, वाटर बूथ को शिफ्ट करने का कार्य, बुकिंग कार्यालय के वाटर बूथ लगाने का कार्य, प्लेटफार्म नम्बर एक पर महिला/पुरुष के लिए द्वितीय श्रेणी प्रतिक्षालय का कार्य, तीनों प्लेटफार्म के सभी वाटर बूथों के प्लेटफार्म में आवश्यक मरम्मत कार्य, प्लेटफार्म 2-3 पर वाटर कूलर लगाने का कार्य बचा हुआ है। यह कार्य तो अधूरे हैं, लेकिन कुछ माह पहले ही ठेकेदार के कर्मचारियों ने प्लेटफार्म पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नया टाइल्स लगाने का काम किया था, जिसकी हालत काफी खराब हो चुकी है। स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर एक पर आरपीएफ पोस्ट के आगे कटनी रूट की ओर प्लेटफार्म पूरी तरह से धसक गया है, जहां से यात्रियों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।



online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411


22 वर्षों से आपके विश्वास पर पूरा खरे उतरे हैं
आगे भी ऐसा ही होगा
इसलिए अभी बम्फर ऑफर दे रहे हैं
ज्वेलरी पर 3% स्पेशल डिस्काउंट
ऑफर की तारीख 14/10/2025
(अभी ले या 2-3 महीने बाद के लिए बुक करें।)
हॉलमार्क 100%
केवल हॉलमार्क (HUID) ही समान खरीदें।
100% Gold Exchange
International Gemological Institute
सोने, चांदी से निर्मित आभूषणों के विक्रेता
श्री गणेश ज्वेलर्स
नरेश बाजार के पास, शारदा कॉम्पलेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर
Call : 9425220030
#MGR